# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष - 05 अंक - 43 बैकुंठपुर, शनिवार 09 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

www.cgfrontline.com


## उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की मंशा-प्रसन्ना आर

### रिसर्च पेपर के प्रकाशन को बढ़ावा देने, 30 नवंबर तक ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदनों को पूरा करने दिए निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. शुक्रवार को सरगुजा पहुंचे। यहां उन्होंने सरगुजा संभाग के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों साथ बैठक कर महाविद्यालयों में शिक्षण, संचालन और छात्रों के हित में सुविधाओं के विस्तार पर समीक्षा एवं चर्चा की।



बैठक में सचिव प्रसन्ना आर. ने कहा कि कॉलेजों में शिक्षण कार्य गंभीरता से कैरिकुलम के अनुसार हो, आने वाले समय में परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों की रैंडमली समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही प्राचार्यों के परफॉर्मेंस की भी समीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि रिसर्च कार्य को बढ़ावा दें, आगामी समय में रिसर्च कार्य प्रकाशन की मॉनिटरिंग भी उच्च स्तर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना तैयार की जा रही है, जिसके तहत पहले चरण में 36 महाविद्यालयों का चयन किया जाएगा। इसमें हर जिले से एक कॉलेज शामिल होगा। विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसके तहत शासन की मंशा है कि छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों से फीडबैक और शिक्षकों के कार्य के आंकलन के लिए सिस्टम तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को शासन की ओर से सम्मानित करने की कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। बैठक में उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति के आवेदनों को मिशन मोड में गंभीरता से पूर्ण कराएं। 30 नवम्बर तक स्कॉलरशिप के शत प्रतिशत आवेदनों को पूरा कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने 20 से भी ज्यादा एजेंडा पर कॉलेजों की प्रगति की जानकारी प्राचार्यों से ली, जिसमें छात्र छात्राओं की उपस्थिति, कोर्स की पूर्णता, मूल्यांकन, स्कॉलरशिप, कॉलेजों में मूलभूत सुविधाएं, ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन, नैक मान्यता, रिसर्च पेपर का प्रकाशन, अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति, बजट, लाइब्रेरी, सर्वसुविधायुक्त लैब, सेवानिवृत्त अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण के शीघ्र निराकरण जैसे विषय शामिल रहे।

## ट्रैक्टर की ठोकर से घायल को रायपुर के अस्पताल में भर्ती करके भागा वाहन मालिक

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** ट्रैक्टर की ठोकर से घायल वृद्ध को ट्रैक्टर मालिक रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भाग गया। इलाज के दौरान लगभग डेढ़ लाख रुपये का बिल मिलने पर स्वजन के होश उड़ गए। इन्होंने ट्रैक्टर स्वामी से संपर्क किया तो उसने किसी प्रकार का सहयोग करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद स्वजन जमीन गिरवी रखकर निजी अस्पताल का बिल अदा किए और घायल मरीज को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



**बिल चुकाने के लिए जमीन रखना पड़ा गिरवी, मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में घायल की हुई मौत**

जानकारी के मुताबिक लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम कोइलारी स्कूलपारा का गांगु तिर्की पिता ठुठा 65 वर्ष बीते 30 अक्टूबर को अपने घर के पास बैठा था। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मार दिया। मृतक के पुत्र सुनील तिर्की का कहना है कि दुर्घटना की जानकारी मिलने पर ट्रैक्टर स्वामी केस दर्ज होने से बचने के लिए उसके पिता को निजी वाहन से धौरपुर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आया। यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर ट्रैक्टर स्वामी ही रहमदिली दिखाते हुए उसके पिता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचाया था। यहां से इलाज के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी, तो ट्रैक्टर स्वामी उन्हें रायपुर के शंकरा अस्पताल में भर्ती कराने के बाद इलाज में होने वाले खर्च से बचने के लिए चुपचाप निकल लिया। यहां इलाज के बीच एक लाख 50 हजार रुपये का बिल अदा करने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों ने कहा तो वे सकते में आ गए। फोन के माध्यम से उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों व ट्रैक्टर स्वामी को बिल की रकम के बारे में अवगत कराया, तो उसने रुपये देने से इन्कार कर दिया। ऐसे में गांव घर का जमीन गिरवी रखकर वे अस्पताल का बिल भुगतान किए और आधा-अधूरा इलाज कराने के बाद वे 5 नवम्बर को वापस मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे। यहां इलाज के दौरान 7 नवम्बर की रात 10 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

## डॉक्टरों ने स्वस्थ्य होने के बाद युवक व किशोरी को दी छुट्टी, पुन: तबियत बिगड़ने से हुई मौत

**अंबिकापुर।** कीटनाशक का सेवन किए एक युवक और एक किशोरी को स्वजन इलाज कराने के बाद घर ले गए। इसके बाद पुन: तबियत बिगड़ी और दोनों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मणिपुर थाना क्षेत्र के माझापारा का अमन कुमार तिर्की पिता राजेन्द्र तिर्की 19 वर्ष, बीते 4 नवम्बर को अलसुबह लगभग 4.30 बजे उल्टी कर रहा था। स्वजन की उस पर नजर पड़ी और पूछताछ किए तो उसने एक जहरीले पदार्थ का सेवन करने की बात कही। स्वजन उसे निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां से इलाज के बाद 7 नवम्बर को उसे घर लेकर चले गए थे। इसी दिन शाम को 5 बजे पेट में दर्द होने पर उसे पुन: अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक अन्य मामले में बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम घोरघड़ी निवासी 16 वर्षीय किशोरी की कीटनाशक दवा के सेवन से मौत हो गई। पुलिस ने बताया मृतिका अंजना लकड़ा पिता रज्जू लकड़ा 29 अक्टूबर की रात लगभग 9.30 बजे जहरीले दवा का सेवन की थी। स्वजन उसे राजपुर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए, यहां से 2 नवम्बर को चिकित्सक ने स्वास्थ्य सही होने पर उसे डिस्चार्ज कर दिया था।

## आईएमए के चिकित्सकों की कार्यशाला आज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएसन के चिकित्सकों की कार्यशाला हॉटल पर्पल ऑर्किड में आज 09 नवम्बर, शनिवार को रात्रि 8 बजे से आयोजित की गई है। यहां छत्तीसगढ़ में रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में अग्रणीय कार्य कर रहे रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. संदीप दवे व गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. संदीप पाण्डेय का व्याख्यान होगा, जो रोबोटिक सर्जरी के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। आईएमए सरगुजा के जोनल चेयरपर्सन डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में रोबोटिक सर्जरी का प्रचलन परंपरागत शल्यक्रिया की तुलना में सटीक व कम परेशानी पैदा करने वाला साबित हो रहा है। कार्यशाला में आईएमए सरगुजा संभाग के चिकित्सक सम्मिलित होगें।

## कुएं में मिला गायब लड़की का शव, पुलिस जांच में जुटी

**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ओबरी में कुएं में तैरता हुआ एक लड़की का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बलरामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया। मृतका की पहचान ओबरी पंचायत के चंचला सिंह पिता दिलीप सिंह के रूप में हुई है, जो 6 नवंबर को अपने घर से अचानक लापता हो गई थी। स्वजनों ने इसकी सूचना बलरामपुर थाने में दी थी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया और लड़की की खोजबीन शुरू कर दी थी। इसी बीच शुक्रवार की सुबह गांव वालों को घर के पीछे बने कुएं में किसी का शव तैरते हुए देखा था। इसकी सूचना मिलने पर बलरामपुर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को बाहर निकलवाई।

## स्काउट गाइड्स के द्वितीय और तृतीय सोपान शिविर में मुख्यमंत्री की पत्नी ने बच्चों को मार्गदर्शन दे कर किया प्रेरित

### जशपुर के स्काउट गाइड्स इस पांच दिवसीय शिविर में सीख रहे हैं आपदा प्रबंधन और जीवन रक्षण

- मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी पत्नी श्रीमती कौशल्या साय जी के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**कुनकुरी।** भारत स्काउट गाइड्स का द्वितीय सोपान शिविर विकासखंड कुनकुरी और जिला स्तरीय तृतीय सोपान शिविर दिनांक 06 नवंबर 2024 से 10 नवंबर 2024 तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल नारायणपुर में आयोजित है। इस शिविर में जिले के 37 विद्यालय से 207 गाइड और 134 स्काउट और उनके शिविर संचालन हेतु 22 स्काउटर गाइडर शिविर प्रभारी के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त भारत स्काउट गाइड जिला संघ जशपुर पी.के. भटनागर के निर्देश से प्रारंभ हुआ है। दिनांक 07 नवंबर 2024 को द्वितीय दिवस के दिन स्काउट्स गाइड्स को दिन भर प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट्स के नियम, प्रतिज्ञा प्रार्थना, शिविर ज्वाल गीत, बीपी 6, ध्वज शिष्टाचार, आपदा प्रबंधन जीवन रक्षण कौशल और भी विषय से संबंधित जानकारी बताई गई। संध्याकालीन कैंप फायर के समय सभी शिविरार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय जी का मुख्य आतिथ्य प्राप्त हुआ। उनको जनरल सैल्यूट के माध्यम से मंचासीन किया गया। शिविर ज्वाल गीत और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी पी.के.भटनागर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सी.आर.भगत, प्राचार्य श्री मति अगस्टीना तिग्गा, संतोष सहाय मंडल अध्यक्ष, अनीता सिंह डीडीसी, संतोषी बंदे ग्रामीण महिला अध्यक्ष, पूर्व बीडीसी रामकृत नायक, युवा साथी राहुल बंग, अभिषेक पूरी, विकास कुमार नागदेव, अरुण महंती, गोपाल यादव उपस्थित रहे। स्काउट्स गाइड्स के द्वारा कैंप फायर के समय अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया गया। शिविरार्थियों के उत्साह को देखकर मुख्य अथिति महोदया साय मैम द्वारा उनको जीवन में अच्छे कार्य करने, माता पिता की बात मानने, गुरुजनों के साथ रहकर जीवन जीने की कला सीखने, जैसी बातों को बताकर बच्चों को जीवन में अच्छे कार्य करने, देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने, खुद को हर परिस्थिति में मजबूत करने का संदेश दिया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को इस पांच दिवसीय शिविर में पूर्ण रूप से सहयोग करने की बात कही। बच्चों में आत्मविश्लेषण करने का गुण, उनमें शारीरिक मानसिक भावनात्मक विकास, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना, प्रकृति प्रेम, पशु पक्षी से प्रेम करना उनका संरक्षण करने में भूमिका अदा करना। स्वयं में स्वच्छ और अच्छी आदतों को विकसित कैसे करना है, यह प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया। पूरे शिविर के आयोजन के संचालन के लिए प्रशिक्षण आयुक्त अनिता तिग्गा, जिला संगठन आयुक्त टुमनू गोसाई डीटीसी फादर आनंद उपस्थित रहे।

स्काउटर गाइडर उत्तम यादव, हेमंत पैंकरा, गुलाब चंद पैंकरा, महेंद्र कुमार टंडन, अभिषेक कुमार नागिया, संतोष किस्पोट्टा, अमित कुमार जैन, मधु कुमार ध्रुव, धनेश्वर साय, हेमंत प्रजापति, शांता मांझी दीप्ति प्रजापति, संजय समीर मिंज, वंदना पैंकरा, दुर्गेश्वरी राठिया, सोनम लकड़ा, विमला तिर्की का सहयोग रहा। पूरे शिविर के दौरान सर्विस के लिए संजना बाई, मनीषा बाई, जयंती बाई, मीना प्रजापति, आशुतोष भगत, सुहैल खान, मनोबल साय बैगा, निशांत साय अपने दायित्व को पूर्ण ऊर्जा के साथ निभा रहे हैं, इनका योगदान सराहनीय हैं।

## मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने जशपुर में छठ महापर्व के दौरान भैरव कुंड धाम

### जाताकोना और दुलदुला में पूजा-अर्चना की और हजारों श्रद्धालुओं के साथ मनाया पर्व

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**कुनकुरी।** जिले में छठ पूजा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने छठ पूजा के अवसर पर भैरव कुंड धाम, जाताकोना और दुलदुला जैसे प्रमुख स्थलों पर पहुंचकर आस्था और श्रद्धा के साथ पूजा की।इस मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक विजय आदित्य सिंह जूदेव भी मौजूद रहे। भैरव कुंड धाम में श्रद्धा और भक्ति का दृश्य ˭ श्रीमती कौशल्या साय भैरव कुंड धाम पहुंची, जहां उन्होंने भगवान सूर्य और छठी मइया की पूजा अर्चना की। यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचे थे, जिन्होंने दिनभर उपवासी रहकर संतान सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्रीमती साय ने श्रद्धालुओं से आशीर्वाद लिया और उनके लिए सुख-शांति की कामना की। जाताकोना में आयोजित हुआ सामूहिक पूजन ˭





इसके बाद श्रीमती कौशल्या साय जाताकोना गांव में आयोजित सामूहिक छठ पूजा में भी शामिल हुईं। इस अवसर पर गांव के ग्रामीणों और पूजा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि से पूजा की। श्रीमती साय ने यहां पूजा विधि का पालन करते हुए सूर्य देवता से प्रदेशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। दुलदुला में छठ पूजा की विशेष महिमा ˭ इसके बाद उन्होंने दुलदुला में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में भी भाग लिया। यह जगह विशेष रूप से छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ से गुलजार रहती है, और इस साल भी यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। श्रीमती साय ने पूजा अर्चना के दौरान गांववासियों से मिलकर उनके सुख-समृद्धि की कामना की। स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति ˭ इन सभी आयोजनों में स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने पूजा के दौरान पारंपरिक गीत गाए और सामूहिक रूप से सूर्य देवता की आराधना की। छठ पूजा के अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं ने कठिन व्रत रखते हुए पूरे दिन और रात सूर्य देवता की उपासना की। श्रीमती कौशल्या साय ने सभी श्रद्धालुओं को इस पवित्र पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि छठ पूजा न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह हमें पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जुड़ने का संदेश भी देता है। उन्होंने अपील की कि वे इस पर्व को मिल-जुलकर मनाएं और अपनी समृद्धि के लिए सूर्य देवता से आशीर्वाद प्राप्त करें।इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के प्रयास से 21 बिजली सखी को मिला रोजगार का अवसर

*जिले में 300 बिजली सखी बनाने का लक्ष्य*

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिवस बगिया सीएम कैम्प कार्यालय में बगीचा विकास खंड की स्व-सहायता समूहों की 21 महिलाओं को बिजली सखी योजना के तहत बिजली कीट प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री के प्रयास से स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार का बेहतर अवसर भी मिला है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देकर उनके आय में वृद्धि करने के लिए सार्थक पहल की जा रही है। यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन और जनपद पंचायत बगीचा के संयुक्त प्रयास से लागू किया जा रहा है। बिजली सखी की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। बिजली विभाग के पास मीटर रीडर की कमी के कारण उपभोक्ताओं के बिजली मीटर का नियमित रीडिंग नहीं हो पाता है। इससे उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल देना पड़ता है। जिला प्रशासन ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है। बिजली सखी के द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग किया जा रहा है इसका फायदा यह हो रहा है कि बिजली बिल नियमित एवं कम आ रहा है साथ ही एक घर में मीटर रीडिंग करने से बिजली सखी को 12 रूपए बिजली विभाग के द्वारा भुगतान किया जा रहा है जिसमें 21 महिलाओं को प्रतिमाह लगभग 6000 हजार की आमदनी भी हो रही है। बिजली सखी जशपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 महिलाओं को बिजली सखी बनाया गया है। जिला में 300 महिलाओं को बिजली सखी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



## सीएम कैंप कार्यालय की पहल से परिजन को मिली मुआवजा राशि

**जशपुरनगर।** आशा का केंद्र बने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय लोगों की मांगों, उनकी समस्याएं और संकटों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सीएम कैंप कार्यालय बगिया में सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं, मुआवजे, और अन्य सहायता कार्यक्रमों का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष रूप से, ऐसे परिवार जो बीमारी के इलाज से आर्थिक तंगी या किसी आपातकालीन स्थिति का सामना कर रहे हैं, उन्हें यहां से तुरंत सहायता मिलती है। हाल ही में जिले के बागबहार तहसील क्षेत्र के बुलडेगा निवासी सुकरी बाई की दुखद मृत्यु के बाद उनके परिवार को मुआवजा देने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से मदद का उदाहरण सामने आया है। सुकरी बाई के परिवार ने यहां आकर अपनी आपबीती सुनाई। सीएम कैंप कार्यालय के निर्देश पर आरबीसी 6-4 प्रकरण के तहत मृतिका के दोनों बेटों नंदलाल और चेरगु को 4 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। आर्थिक सहायता मिलने के बाद परिजनों ने सीएम साय का आभार जताया है। लोगों का कहना है कि इस तरह के प्रयासों से उन्हें सुकून मिलता है और वे महसूस करते हैं कि उनकी समस्याओं को समाधान देने के लिए सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री की योजनाओं के अंतर्गत इस कैंप कार्यालय ने समय-समय पर लोगों की मदद कर, उन्हें न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक रूप से भी सहारा दिया है।

# जल जीवन मिशन बदल रहा महिलाओं का जीवन

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** घर के आंगन में नल से गिर रही पानी की धार ने महिलाओं का जीवन ही बदल दिया है। जल जीवन मिशन महज हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना नहीं है। यह दूरस्थ अंचलों और गांवों में महिलाओं की दिनचर्या और जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। गांवों में परंपरागत रूप से घर में पेयजल और अन्य जरूरतों के लिए पानी के इंतजाम का जिम्मा महिलाओं पर ही है। घर तक पानी की पहुंच न होने के कारण उन्हें हैंडपंपो, सार्वजनिक नलों, कुंओं या अन्य स्रोतों से रोज पूरे परिवार के लिए जल संकलन करना पड़ता है। रोजाना का यह श्रमसाध्य और समयसाध्य काम बारिश तथा भीषण गर्मी के दिनों में दुष्कर हो जाता है। कई इलाकों में गर्मियों में जलस्रोतों के सूख जाने के कारण दूर-दूर से पानी लाने की मजबूरी रहती है। परिवार के लिए पानी की व्यवस्था हर दिन का संघर्ष बन जाता है। महिलाओं के दिन के कई घंटे इसी काम में निकल जाते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तक नल से जल पहुंचाने के सपने को पूरा करने का जल जीवन मिशन पेयजल के साथ ही महिलाओं को कई समस्याओं से निजात दिला रहा है। घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचने से वे कई चिंताओं से मुक्त हो गई हैं। अब रोज-रोज पानी के लिए बहुत सारा श्रम और समय नहीं लगाना पड़ता। इससे उन्हें घर के दूसरे कामों, बच्चों की परवरिश, खेती-बाड़ी एवं आजीविका के अन्य कार्यों के लिए अधिक समय मिल रहा है और वे इन कार्यों पर अपना ज्यादा ध्यान व समय दे पा रही हैं। बारहों महीने घर पर ही जलापूर्ति से लगातार बारिश तथा गर्मी के दिनों में पेयजल का संकट जल जीवन मिशन ने दूर कर दिया है।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

★ राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के दिए निर्देश ★ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामले आम नागरिकों के हितों से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में उचित निराकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।




बैठक में कलेक्टर श्री एक्का ने तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का निराकरण विशेष प्राथमिकता के साथ करने को कहा, जिससे प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। कलेक्टर ने सीमांकन, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, भू-अभिलेख, भू-अर्जन प्रकरण, वन अधिकार पट्टा नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन आदि सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु किसी भी स्थिति में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर ने राज्य में आगामी दिवसों से प्रारंभ हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिले में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी प्रारंभिक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में श्री एक्का ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु संबंधित विभागों के द्वारा की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है। इसलिए धान खरीदी कार्य को त्रुटिरहित संपन्न कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, छांव, बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं बिजली तथा इंटरनेट आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए बनाए गये चेक पोस्टों के निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एसडीएम और तहसीलदार अपने क्षेत्र के चेक पोस्टों का आकस्मिक निरीक्षण कर पंजी संधारण और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का जायजा ले। बैठक में अपर कलेक्टर श्री इंद्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर श्री शशि चौधरी, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, और राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# 11 नवम्बर को स्पेशल ट्रेन प्रस्थान करेगी अयोध्या धाम

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत तीर्थयात्रियों को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा राज्य के स्थानीय निवासियों को अयोध्या धाम यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु शासकीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इसे लागू किया गया है। जिसके तहत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में अब तक चार चरणों में 644 श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन योजना का लाभ प्राप्त हुआ है।

**चयनित हितग्राहियों को योजना अन्तर्गत कराया जा रहा अयोध्या धाम दर्शन**

योजना अन्तर्गत अयोध्या धाम जाने की निर्धारित तिथियों में हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। आगामी पांचवें चरण में 160 चयनित हितग्राहियों को श्री रामलला दर्शन योजना अंतर्गत लाभान्वित किया जाएगा। पांचवें चरण में 11 नवम्बर 2024 को स्पेशल ट्रेन अम्बिकापुर से अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**रामलला के दर्शन करने के लिए ऐसे करें आवेदन**

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय पंचायत के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में इस योजना हेतु आवेदन किया जा सकता है। जिसमें 25 प्रतिशत हितग्राही शहरी एवं 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्र के होंगे। प्रत्येक स्थान की यात्रा हेतु प्राप्त आवेदनों में से उपलब्ध कोटे के अनुसार यात्रियों का चयन किया जाएगा। यदि निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो लॉटरी द्वारा यात्रियों का चयन किया जाएगा। कोटे के 25 प्रतिशत यात्रियों की प्रतिक्षा सूची भी बनाई जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ आवेदक को अपनी पासपोर्ट साइज की फोटो तथा एक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जिसने अकेले यात्रा हेतु आवेदन किया है अपने साथ एक सहायक को यात्रा पर ले जाने की पात्रता होगी। यात्रा के पूर्व प्रत्येक हितग्राहियों का मेडिकल टेस्ट भी कराई जाएगी। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा चयनित हितग्राहियों के लिए दर्शन योजना अंतर्गत संभावित तिथियों को परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। ज्ञात हो कि जिले में श्री रामलला दर्शन योजना के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। जिला स्तरीय समिति श्री रामलला दर्शन योजना का लाभ लेने वाले यात्रियों के सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करती है। गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा चिन्हित ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों से चयनित हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

# पदीय दायित्वों के प्रति अनुशासनहीनता एवं अकर्मण्यता बरतने पर स्टाफ नर्स एवं वार्ड आया निलंबित

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** सोशल मीडिया में चला खबर ''ओवर ब्लीडिंग पर नर्स ने प्रसूता के परिजनों से कराई पूरे वार्ड की धुलाई'' शीर्षक प्रकाशित खबर एवं वीडियो के संबंध में कलेक्टर ने संज्ञान लेकर विकासखंड वाड्रफनगर के सिविल अस्पताल वाड्रफनगर की स्टाफ नर्स सुश्री अमिता मिंज एवं वार्ड आया सुश्री अनिता सिंह को पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं अकर्मण्यता बरते जाने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निलंबित किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया ड्यूटी स्टाफ, स्टाफ नर्स सुश्री अमिता मिंज एवं वार्ड आया सुश्री अनिता सिंह के द्वारा प्रसूता के परिजनों से साफ-सफाई के लिए कहा जाना/कराया जाना प्रतीत होता है। जो उनके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं अकर्मण्यता को दर्शाता है। स्टाफ नर्स सुश्री अमिता मिंज एवं वार्ड आया सुश्री अनिता सिंह का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (1) (2) (3) के विपरीत है। अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) क के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला चिकित्सालय बलरामपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में स्टॉफ नर्स सुश्री अमिता मिंज एवं वार्ड आया सुश्री अनिता सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वाड्रफनगर को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# कोयला चोरी करने खोदे गए सुरंग को प्रबंधन ने पुन: कराया बंद

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** कोयला चोरी करने खोदे गए दो सुरंग को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पुनः बंद कराकर मिट्टी भरवा दिया गया है। गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के बंद पड़े इंक्वारी नंबर एक व दस में कोयला चोरों द्वारा सुरंग बनाकर कोयला चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। जान जोखिम में डालकर कोयला चोरी करने के दौरान पिछले दिनों 26 फरवरी 2024 को ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा निवासी सुनील सोनी पिता रामगोविन्द सोनी की अचानक चट्टान धंसने से सुरंग के अंदर ही दबकर मौत हो गई थी। बावजूद इसके कोयला चोरी करने वाले लोगों द्वारा उक्त स्थल से हटकर क्वारी नंबर 2 व 10 के समीप दूसरा सुरंग तैयार करके कोयला चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। सुरंग तैयार करके कोयला चोरी करने की सूचना मिलने पर गत दिनों अप्रैल व सितंबर महीने में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उक्त दोनों सुरंग को जेसीबी मंगाकर उसे बंद करा दिया गया था। बावजूद इसके कोयला चोरों द्वारा पुनः उक्त स्थल पर ही सुरंग बनाकर कोयला चोरी किए जाने का सिलसिला शुरू कर दिया गया था। सुरंग बनाकर कोयला चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उक्त दोनों सुरंग को 7 नवंबर को पुनः जेसीबी मशीन से सुरंग के मुहाड़ा को बंद करा दिया गया है। प्रबंधन द्वारा सुरंग को बंद कराए जाने उपरांत अब यह देखना है कि कब तक उक्त सुरंग को चोरों के मंसूबे से बचाया जा सकता है।




# अंबिकापुर-जबलपुर समेत दर्जन भर ट्रेन 16 से रहेंगी बाधित


**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** तीसरी लाइन कमीशनिंग कार्य के कारण अंबिकापुर-जबलपुर, बिलासपुर- रीवा, रीवा-चिरमिरी समेत करीब दस एक्सप्रेस ट्रेनों सहित आधा दर्जन पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन चार पांच दिनों तक बाधित रहेगा।बताया जा रहा है कि बिलासपुर मंडल के करकेली स्टेशन में तीसरी लाइन कमीशनिंग के लिए चलने वाले एनआई कार्य के कारण जबलपुर-अंबिकापुर ट्रेन संख्या 11265 आगामी 16 नवंबर से 19 नवंबर, अंबिकापुर-जबलपुर ट्रेन आगामी 17 से 20 नवंबर तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार बिलासपुर-रीवा, रीवा-बिलासपुर, रीवा-चिरमिरी, चिरमिरी-रीवा समेत कई ट्रेन इस अवधि में बाधित रहेंगी।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का किया गया समापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** लोक आस्था का सूर्यषष्ठी छठ महापर्व भक्तिभाव व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महापर्व के चौथे दिन आज व्रतियों ने सूर्योदय होने से पहले ही घाट और तालाबों में एकत्र गए थे। सभी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना कर व्रत का पारण किया। इसके बाद छठी मैया की पूजा और प्रसाद वितरण के साथ ही छठ महापर्व का समापन किया गया। सूर्यदेव और छठी मैया के पूजन के लिए श्रद्धालुओं ने गन्ने और फल चढ़ाए और उत्तर भारत में प्रचलित खास व्यंजन ठेकुआ भी अर्पित किया। आयोजन में शामिल होने बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक घाट में नजर आए। पूजन में शामिल होने और प्रसाद पाने सुबह से ही घाटों पर भक्तों का तांता लगा रहा। नगर के गायत्री मंदिर प्रांगण स्थित छठ घाट समेत गोरखनाथपुर रेण नदी, बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर स्थित पासंग नाला, कुमदा तुर्रा नाला, सिलफिली पासंग नाला, तेलईकछार केनापारा नाला, क्वारी के अलावा अन्य छठ घाटों पर निर्धारित समय पर व्रती जल में उतरकर अर्घ्य प्रदान कर सूर्यदेव से अपने परिवार और संतान की सुख-समृद्धि की कामना किए। व्रती जल द्वारा खड़े होकर उगते सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य दिए। सूर्य षष्ठी छठ महापर्व को लेकर क्षेत्र में भक्तिभाव का माहौल बना रहा। छठ घाटों पर छठ गीत की धुन गुंजती रही, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय रहा। सूर्य उदय होने पर अर्घ्य देकर अपने व्रतधारियों ने पारण किया।





**शारदा सिन्हा को दी गई श्रद्धांजलि**

सूर्यषष्ठी महापर्व के अवसर पर बिहार की प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा को शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि भी दी गई। दो मिनट का मौन रख उनकी पुण्यात्मा के लिए भगवान से प्रार्थना किया गया। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, दीपेंद्र सिंह चौहान, अशोक अग्रवाल शोक्की, दीनानाथ यादव, महेश गुप्ता, चंदन सिंह, पीयूष तिवारी, विकास सिंह, प्रेमजीत सिंह, सतीश तिवारी, संजीत यादव व अन्य उपस्थित थे।

# उगते सूर्य को दिया अर्घ्य, महिलाओं ने रखा 36 घंटे व्रत, घाट पर उमड़ा जनसैलाब

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**जरही/भटगांव।** जिले के जरही-भटगांव क्षेत्र के सबसे बड़े छठ घाट के तट पर छठ पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शुक्रवार की सुबह व्रती महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व मनाया। मान्यता है कि छठ पर्व पर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

सूर्य उपासना का महापर्व छठ सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया। इस साल काफी धूमधाम से सुबह गंगा आरती के साथ डुमरिया छठ घाट जरही व शिव मंदिर छठ घाट भटगांव में छठ पर्व को मनाया गया। शांति सुरक्षा के लिहाज से स्थानीय पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद इंतजाम किया था।



छठ पूजा घाट को नगर पंचायत जरही व नगर पंचायत भटगांव के द्वारा दूधिया रोशनी से सजाया गया था। छठ व्रतियों के बैठने के लिए भी बेहतर इंतजाम किया गया था। शुक्रवार की सुबह सूर्योदय के बाद अर्घ्य देने के साथ ही पर्व का समापन हो गया। व्रत रखने वाले लोगों ने अर्घ्य देने के बाद पारण कर अपना व्रत खोला। लोक आस्था के महापर्व छठ के चौथे दिन सुबह जरही के डुमरिया छठ घाट ,भटगांव के शिव मंदिर छठ घाट एवं घरों में छठ करने वाले हजारों छठ व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा-अर्चना की। इसी के साथ चार दिनों तक चले छठ पर्व का समापन हो गया। छठ पर्व को लेकर सड़कों से लेकर मुहल्लों की गलियों तक में छठ के कर्णप्रिय मधुर पारंपरिक गीत गूंज रहे थे। छठ घाटों की साफ- सफाई की गई थी। घाट पर पुलिस बल तैनात किए गए थे। घाट को नगर पंचायत जरही एव युवाओं द्वारा साफ-सफाई कर घाट को सजाया गया था। भगवान भास्कर के उदय होते ही सूर्य भगवान के नारे गूंजने लगे।

# किसान को चुना लगाने वाले दवनकरा समिति प्रबन्धक को किया गया निलंबित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** किसानों की राशि आहरित करने वाले दवनकरा के सहायक समिति प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। जिले के प्रतापपुर विकास खण्ड के ग्राम दवनकरा के सहायक समिति प्रबंधक संतोष नाविक के विरूद्ध किसान राजाराम पिता बृजमोहन, ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा प्रतापपुर में संचालित उनके खाता से छः किस्तों में कुल 154500.00 रूपये फर्जी तरीके से आहरण किए जाने को लेकर थाना चंदौरा में भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 420 के तहत दिनांक 20.10.2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। प्रकरण की गंभीरता के संज्ञान में संतोष नाविक, सहायक समिति प्रबंधक, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दवनकरा के विरूद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कर्मचारियों हेतु जारी सेवा नियम 2018 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुए तत्काल निलंबित कर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की जा रही है।

# *कलेक्टर ने किया माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाने का निरीक्षण*

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** शुक्रवार को कलेक्टर एस.जयवर्धन ग्राम केरता माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। जहां उन्होंने गन्ना खरीदी और शक्कर उत्पादन के संबंध में उपस्थित संबंधित अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। विगत पेराई सत्र 23-24 के सम्बंध में भी जानकारी ली। जिसमें संबंधित द्वारा बताया गया कि सूरजपुर, अम्बिकापुर एवं बलरामपुर के तीनों जिलों के 16 विकासखंड के 9358.509 हेक्टेयर गन्ना रकबा से कुल 2,62,814.624 मीट्रिक टन गन्ना पेराई किया गया है। कलेक्टर ने पूरे कारखाने का बारीकी से अवलोकन किया व कार्य प्रणाली से अवगत हुए। उन्होंने कारखाने में लगे 06 मेगावाट पॉवर टरबाइन का निरीक्षण भी किया।उन्होंने क्षेत्र के गन्ना उत्पादक कृषकों के जीवन स्तर में सुधार हो और उनकी आय में वृद्धि हो इसके लिए उपस्थित संबंधित अधिकारी को किसान बंधुओं गन्ने के उत्पादन के संबंध में जानकारियां उपलब्ध कराने की निर्देश दिए। जिससे कि वो अच्छी किस्म व उच्च गुणवत्ता वाले गन्ने के उत्पादन का उत्पादन कर अपने जीवन स्तर को सकरात्मक दिशा दे सकें।

# बलौदाबाजार में खुलेगा बीएड महाविद्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर की होगी स्थापना : विष्णु देव साय

### मुख्यमंत्री ने बलौदाबाजार में आयोजित विकास कार्यों के भूमि पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में की घोषणा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करते हुए बलौदाबाजार में बीएड महाविद्यालय खोलने और ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए 60 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इन कार्यों में से 32 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े और विधायक गुरू खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों में से 2100 हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र एवं 51 हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी। उन्होंने इस जिले में संचालित हम होंगे कामयाब अभियान के अंतर्गत 51 युवाओं को सम्मान पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में किसानों ने 3100 रूपए प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री साय को धान से भरे टुकनी एवं पर्रा भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्रति आवास के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए के साथ ही मननरेगा से 90 दिनो की मजदूरी 21,870 रुपए एवं स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय हेतु 12 हजार रुपए खर्च किए जा रहे है। इस तरह प्रति आवास 1 लाख 53 हजार 870 रुपए दिया जा रहा है। आज इस तरह कुल 2100 आवास के लिए कुल 32 करोड़ 31 लाख रुपए का भूमिपूजन किया गया है।

# विधानसभा उपचुनावः राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी

## प्रकाशन तिथि से तीन दिन पहले एमसीएमसी को देना होगा आवेदन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। विधानसभा उपचुनाव के लिए सभी राजनैतिक दलों, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश अनुसार मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से अनिवार्य रूप से कराना होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने जरूरी निर्देश भी जारी किए है।

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव में 13 नवम्बर बुधवार को वोट डाले जाएंगे, इसे देखते हुए 12 व 13 नवम्बर को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले ऐसे तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को राज्य स्तर या जिला पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। इन दोनों दिन राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता है।

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार राज्य स्तर पर एक राज्य स्तरीय एमसीएमसी कमेटी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित की गई है, राज्य स्तरीय कमेटी में राजनीतिक दलों द्वारा प्रकाशित कराये जाने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराया जा सकता है, इसके साथ ही हर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर एमसीएमसी कमेटी गठित है। विधानसभा उप निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी अपने राजनीतिक विज्ञापनों को जिला स्तरीय समिति से प्रमाणीकरण करा सकते हैं। इसके लिए प्रत्याशियों को विज्ञापन प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि से 3 दिन पहले तक विज्ञापन के प्रारूप की तीन प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मीडिया प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। मीडिया में ऐसा कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा जो सामाजिक समरसता को बिगाड़ने अथवा तनाव को बढ़ाने, शांति भंग करने, संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत हो। किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन पर भी रोक रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापन का समिति द्वारा प्रमाणन कराया जाना आवश्यक है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने मांगी मुराद

### छठ महापर्व सम्पन्न, 36 घंटे तक चले महाव्रत का पारायण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर । उगते सूर्य को अर्घ्य के देने के साथ छठ महापर्व सम्पन्न हो गया। राजधानी के समता कॉलोनी स्थित आमातालाब छठ घाट में शुक्रवार को सुबह विश्वकर्मा महिला मंडल दुलार धर्म शाला की महिलाओं ने पूजा के लिए बनाए गए घाटों में जल में उतरकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार की सुख समृद्धि की मंगलकामनाएं की। इसके साथ ही 36 घंटे तक चले महाव्रत का पारायण भी किया। छठी मइया कर दें हर मुराद पूरी, घर-घर बांटे लड्डू व ठेकुआ का गीत गाते हुए शुक्रवार की सुबह समता कॉलोनी स्थित आमातालाब में बनाए गए घाटों पर व्रती महिलाएं उमड़ पड़ीं। उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे का निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने छठी मइया और सूर्य भगवान से अपनी संतानों, पति व परिवार की खुशियां मांगी। इसके बाद व्रत का पारायण किया। सुबह से ही छठ घाट में परिवार सहित महिलाएं सूर्य देवता के दर्शन कर अर्घ्य देने के लिए उपस्थित थी। शानदार भक्ति गीतों के बीच बच्चों ने जमकर आतिशबाजी भी की। शुक्रवार की सुबह छठ व्रतियों ने पूजन अर्चन कर उगते भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर मंगल कामना की। इसके साथ ही आस्था के महापर्व छठ पूजा का समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वकर्मा महिला मंडल दुलार धर्म शाला की महिला सदस्यों में श्रीमती शकुंतला विश्वकर्मा, नेहा विश्वकर्मा, मंदाकिनी विश्वकर्मा, पिंकी विश्वकर्मा, गीता विश्वकर्मा, राधा विश्वकर्मा, के साथ साथ बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने सुनील सोनी के लिए किया जनसंपर्क

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोनी के समर्थन में मालवीय रोड ,सिटी कोतवाली चौक, सदर बाजार ,शक्ति बाजार चौक में व्यापारियों से जनसंपर्क कर उन्हें को प्रचंड बहुमत से जीतने अपील की और समर्थन मांगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय मंत्री नितेश दुबे ने बताया कि प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना व प्रदेश प्रवक्ता श्रीचंद सुदानी के नेतृत्व में प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों ने व्यापारी वर्ग को भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के द्वारा रायपुर के सांसद, महापौर, आरडीए अध्यक्ष रहते हुए रायपुर के चौमुखी विकास जानकारी दी व आगे भी अपना अपार जनसमर्थन देने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से सुभाष अग्रवाल, जितेंद्र



गोलछा, नितेश दुबे, संतोष बेद, राजकुमार राठी, दिलीप गंगवानी, सतीश छुगानी, महावीर चोपड़ा, भूपेंद्र डागा, मोहन नेभानी, अतुल जैन, अशोक गोलछा, रूपेश डागा, विलास सुतार, गिरीश चतुवेर्दी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सप्रे स्कूल में 15 कंप्यूटरों से सुज्जित कक्ष तैयार, बच्चे होंगे लाभान्वित

### शाला विकास समिति की पहल पर सन एंड सन ग्रुप ने किया सहयोग

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर । सप्रे स्कूल में 15 कंप्यूटरों से सुजज्जित कक्ष तैयार हो गया है, इससे यहां पढ़ने वाले बच्चे लाभान्वित होंगे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू व कंप्यूटर लैब के संयोजक प्रमित नियोगी के अथक प्रयासों से यह कक्ष तैयार हुआ है। चुनाव आचार संहिता हटते ही इसका विधिवत शुभारंभ होगा। शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि शाला परिवार की ओर से इसकी जरूरत बतायी गई थी। सामाजिक व शैक्षणिक सरोकार से जुड़े कई कार्यों में सहयोग करने वाली शहर की प्रतिष्ठित संस्थान सन एंड सन ग्रुप के शर्मा परिवार की ओर से इस पुनीत कार्य के लिए सहयोग मिला। स्वर्गीय लक्ष्मीकांत, स्वर्गीय कैलाश चंद्र, स्वर्गीय बृजमोहन शर्मा की स्मृति में उन्होने सर्वसुविधायुक्त कंप्यूटर कक्ष निर्माण के लिए यह सहयोग किया है। इस कक्ष में 15 कंप्यूटर लगाये गए हैं। 30 छात्र-छात्राएं एक साथ बैठ सकें इसलिए 30 कुर्सियां लगाई गई है। हाईस्कूल के बच्चों को कंप्यूटर संचालन की जानकारी भी प्रशिक्षित टीचर देंगे। ग्रेनाइट टेबल के साथ कंप्यूटर की सुरक्षा के लिए एसी भी लगाए गए हैं। खुशी की बात ये हैं कि कंप्यूटर कक्ष मात्र दस दिन में तैयार हो गया।

शाला विकास समिति के सदस्य महादेव नायक एवं सतीश सोनी ने बताया कि स्कूल के अंग्रेजी हिंदी माध्यम छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कंप्यूटर कक्ष का निर्माण किया गया है। शाला विकास समिति की सचिव एवं प्राचार्य डा. अन्नपूर्णा श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा सन एंड सन ग्रुप के शर्मा परिवार के सौजन्य से शाला को प्राप्त हुआ है, इसके लिए शाला परिवार उनका आभारी है।

# हर्बल और आर्गेनिक उत्पादों की बढ़ी डिमांड

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । स्वास्थ्य, पर्यावरण और रसायनों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए बाजार में आर्गेनिक उत्पादों की डिमांड लगातार बढ़ रही है। इस बढ़ती मांग ने शहर में कई स्टार्टअप्स को जन्म दिया है, जो हर्बल उत्पादों से जुड़े हुए हैं, जैसे कि दवाइयां, भोजन और कास्मेटिक्स। शहर में अब 10 से अधिक स्टार्टअप आर्गेनिक उत्पादों पर आधारित हैं। माय फार्म नैचुलरल के संस्थापक प्राशु गुप्ता ने बताया कि वे 265 एकड़ में जैविक खेती कर रहे हैं, जिसमें सरसों, चीया बीज, धान की छह किस्में और फल शामिल हैं। वे पांच अलग-अलग फार्मों में प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से विभिन्न खाद्य उत्पाद तैयार कर रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। गुप्ता का कहना है कि आजकल लोग स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक हो रहे हैं, जिससे हर्बल और आर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। कृषि प्रधान राज्य होने के कारण अब युवा उद्यमी खेती से संबंधित स्टार्टअप्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे किसानों को भी लाभ मिल रहा है।

मिलेट (मोटे अनाज) से बने खाद्य उत्पादों की स्टार्टअप कंपनी इम्यूनो मिलेट की संस्थापिका कविता देव बताती हैं कि पिछले तीन-चार वर्षों में लोगों के खानपान में काफी बदलाव आया है, खासकर कोरोनाकाल के बाद। अब लोग ऐसे खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दे रहे हैं जो स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हों। रागी, ज्वार, बाजरा जैसे मोटे अनाजों की डिमांड बढ़ी है। बिस्किट, लड्डू, इटली, दोसा, खीर, उपमा और कटलेट जैसी चीजों में इन अनाजों का इस्तेमाल हो रहा है। मिलेट्स शरीर को कई रोगों से बचाते हैं और फिट रखने में मदद करते हैं।

# खेतों में घुस रहा फैक्ट्री का गंदा पानी, धरसींवा के किसान परेशान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



धरसींवा। राजधानी से लगे धरसींवा के खेतों में फार्च्यून उद्योग कपसदा से निकलने वाला गंदा पानी घुस रहा है। जिसकी वजह से पिछले तीन सालों में खेती को काफी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं कारखाना की कानफोडू आवाज से लोग परेशान हैं और समय रहते तक फैक्ट्री की मनमानी नही रोका गया तो गांव के किसानों सहित ग्रामीण जन जीवन मे गहरी समस्या आ सकती है। वहीं इन मुद्दों को लेकर ग्रामीण और सरपंच जन आंदोलन करने की बात कही है और पूरी घटना की जानकारी जिला कलेक्टर को दी गई है।

धरसींवा ब्लाक मुख्यालय से पांच किलोमीटर पर बसे शांत प्रिय गांव कपसदा है। जहां शासन की ओर से स्कूल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मौजूद है और ग्रामीण बड़े ही सौहार्द के साथ जीवन यापन करते हैं। गांव में ज्यादातर किसान ही हैं और खेतीबाड़ी से ही जीवन यापन करते हैं। लेकिन, बीते कुछ वर्षों से ग्राम के शरहद में लगे फार्च्यून लोहा उद्योग की आवाज से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। दूसरी ओर कंपनी के भीतर से निकलने वाली गंदे पानी किसानों की फसल बर्बाद हो रही है।

### कंपनी के पास की फसलें हो रही हैं बर्बाद

इसको लेकर कपसदा गांव के सरपंच फूलचंद साहू ने बताया कि, फार्च्यून फॉक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से 3 एकड़ जमीन बंजर हो गई है और खेती का एक बड़ा भू- भाग बर्बाद हो गया है। उद्योग से निकलने वाले पानी खेती वाले इलाके में लगातार फैल रहा है। किसानों के धान की फसल पूरी तरह डूबकर बर्बाद हो गए हैं. धान की जगह खेतों में सिर्फ घासफूस ही दिखाई दे रहा है। वहीं इस सबन्ध में जब फैक्ट्री प्रबंधन से जब मुआवजे की बात की गई तो देखेंगे का जवाब आता है। उन्होंने आगे कहा कि, अब बर्दास्त नही करेंगे और मुख्यमंत्री से ही लगाएंगे।

### ग्रामीण बोले- दहशत में जी रहे हैं जीवन

एक ग्रामीण ने हमारे संवादाता को बताया कि, गांव के बेडरूम और आंगन की शरहद तक फैली उद्योग में जब कोई आवाज आती है तो ग्रामीण इस दहशत में रहते है कि, कम्पनी में कोई ब्लास्ट तो नही हो गया।


## -:सूचना:-

**नर्सिंग पंजीयन गुम होने की सूचना**

रेनुका सिंह पिता स्व. अयोध्या प्रसाद पैकरा निवासी मिश्रा गली भैयाथान रोड़ सूरजपुर की रहने वाली है। दिनांक 16.07.2024 को नर्सिंग पंजीयन की मूल प्रति सूरजपुर में गिर गया है। जिस भी किसी महानुभव को मिले तो कृपया इस मोबाइल नम्बर 9340404956 पर सम्पर्क करें।



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

प्रोफार्मा 10—01

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज़ एसी शिरोपरी कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख **10.11.2024** को उर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाईन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जाएगा।

| अनुच्छेद | विभाग | तारीख |
| --- | --- | --- |
| दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन के अंतर्गत सूरजपुर स्टेशन से | द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर | 10.11.2024 |

परसा इन–प्लांट यार्ड में मेसर्स अदानी ट्रैक्स मैनेजमेंट सर्विस लिमिटेड (एटीएमएसएल) के लिए मौजूदा निजी रेलवे साइडिंग का ऊर्जाकरण। 25KV AC सिंगल फेज 50HZ की आपूर्ति के लिए निम्नलिखित अनुभाग को पारंपरिक प्रकार के ओवरहेड ट्रैक्शन तारों द्वारा ऊर्जाकृत किया जा रहा हैः– 1. इंजन एस्केप लाइन 01 लोकेशन क्रमांक 71/110 (CH: 71.902) से लोकेशन क्रमाक 72/260 (73.438) (1.536 टीकेएम) 2. आर एंड डी लाइन नंबर 02 लोकेशन क्रमांक 71/29–1 (CH: 72.238) से लोकेशन क्रमाक 72/300–1 (73.545) (1.307 टीकेएम) 3. प्री साइलो लाइन 01 लोकेशन क्रमांक 72/31 (CH: 73.545) से लोकेशन क्रमांक 73/25–1 (CH: 74.217) (0.672 टीकेएम) 4. इंजिन एस्केप लाइन और आर एंड डी लाइन नंबर– 03 के बीच क्रॉस ओवर लोकेशन क्रमांक 71/17–1 (CH: 72.020) से लोकेशन क्रमांक 71/22 (CH: 72.097) (0.077 टीकेएम) 5. इंजिन एस्केप लाइन और आर एंड डी लाइन नंबर 03 के बीच क्रॉस ओवर लोकेशन लोकेशन क्रमांक 71/26 (CH: 72.155) से लोकेशन क्रमांक 71/290 (CH: 72.232) (0.077 टीकेएम) 6. प्री साइलो लाइन 02 और आर एंड डी लाइन 02 के बीच कॉस ओवर लोकेशन क्रमांक 72/150–2 (सीएच 73.172) से लोकेशन क्रमांक 72/160–2 (CH: 73.249) (0.078 टीकेएम) 7. प्री–साइलो लाइन 02 और प्री–साइलो लाइन 03 के बीच क्रॉस ओवर लोकेशन क्रमांक 72/22ए (CH: 73.262) से लोकेशन क्रमांक 72/24 (CH: 73.346) (0.084 टीकेएम) 8. प्री–साइलो लाइन 02 और प्री–साइलो लाइन 01 के बीच क्रॉस ओवर लोकेशन क्रमांक 72/270–1 (सीएच 73.458) से लोकेशन क्रमांक 72/270–3 (CH: 73.527) (0.069 टीकेएम) **कुल– टीकेएम 3.900 किमी**.

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.),
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/326

South East Central Railway    @secrail



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर–2 जिला–सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र– 202410021700041/अ–27/2024–25**

**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आफताब शाह आ० मो० गोरी, जाति फकीर, निवासी ग्राम सोनपुरकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० द्वारा मु. नामाआम वास्ते हीरासाय आ० मुन्शु व अन्य-05, सभी निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० द्वारा ग्राम रनपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा न० 76, 78/2 रकबा क्रमशः 0.295, 0.194 हे० भूमि का अनावेदक रामाधार आ० जगतराम, जाति रजवार, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के मध्य खाता बटवारा कराने बावत आवेदन छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत प्रस्तुत की गई है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/11/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 24/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर–03 जिला–सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र०–/ब–121/2024–25**

**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो० इकबाल शाह आ० सदरूद्दीन शाह, निवासी ग्राम रनपुरखुर्द, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० मु०नामा आम वास्ते सहानी खातुन पति मो० शहजाद, निवासी थाना गली, राईन मोहल्ला हिंदपीढी, रांची झारखण्ड द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नवागढ़, तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 101/20 रकबा 0.009 हे० भूमि को अनावेदक लुकमान हाकिम आ० सुलेमान निवासी ग्राम विजयनगर तहसील रामानुजगंज, जिला बलरामपुर छ०ग० के पास अंकन रूपए 11,45,000/- बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 21.11.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- / / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-03



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंक कोर्ट बिहारपुर जिला–सूरजपुर (छ.ग.)**

**ईष्तहार**

**रा.प्र.क्र.202403263500001/अ–21/2023–24**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम बिहारपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचरितर आ0 भारत निवासी ग्राम करौटी ए तहसील बिहारपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने स्वत्व की भूमि ग्राम करौटीए प.ह.न. 8 रा0नि0मं0 व तहसील बिहारपुर में स्थित भूमि खसरा नं0 441/1 रकबा 0.61 हे0 में 0.04 आरे (10 डिसमिल) भूमि को अनावेदक धिरजाराम षाह पिता हिरई षाह निवासी ग्राम हिरवाह जिला सिंगरौली (म0प्र0) को विक्रय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर सुनवाई प्रारंभ कर दिया गया है, जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 14.11.2024 को नियत है। अतः उपरोक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 14.11.2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेष कर सकता है।नियत तिथि के पष्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 8/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी
भैयाथान, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)



**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष प.ह.नं.**

**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामदेव सिंह पिता भूलन गम जाति गोड़ निवासी ग्राम भंवराही रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के मामा कलम . का मृत्यु दिनांक 04.08.2012 को ग्राम भंवराही में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने मामा कलम का मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत भंवराही को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 11/11/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 28/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान
जिला - सूरजपुर (छ०ग०)



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र०–/ब–121/2023–24**

**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार जैन पिता रघुबीर प्रसाद जैन निवासी सत्तीपारा नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4467/5, 4468/4, 4469/4 रकबा 0.022, 0.047, 0.024 हे0 भूमि को अनावेदक अवधेश कुमार गुप्ता पिता रामसेवक गुप्ता निवासी बतौली तहसील बतौली जिला सरगुजा छ०ग० के पास अंकन राषि रुपए 25,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 27/11/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 09/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

**सम्पादकीय**

# अनुच्छेद 370 की वापसी से क्या दिखाना चाहते हैं उमर अब्दुल्ला

जिसका डर था वही हुआ। जम्मू-कश्मीर की नई नेशनल कांफ्रेंस सरकार ने विधानसभा में राज्य के स्पेशल स्टेटस अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया। जिस पर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। पीडीपी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और सीपीआई (एम) के सदस्यों ने भी ध्वनिमत के दौरान प्रस्ताव का समर्थन कर दिया। प्रस्ताव पारित होने के बाद सत्तारूढ़ एनसी ने कहा कि उसने अपने घोषणापत्र के वादों में से एक को पूरा किया है। हालांकि भाजपा विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे। असल में 5 अगस्त 2019 से ही नेशनल कांफ्रेंस समेत अनेक राजनीति दल धारा 370 को हटाए जाने का विरोध कर रहे थे। जबकि सरकार का कहना था कि अनुच्छेद 370 कश्मीर में विकास और सुरक्षा के रास्ते में बाधक बन रहा था। कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए यह फैसला लेना जरूरी था। सरकार की मानें तो अनुच्छेद 370 के कारण कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद बढ़ रहा था और राज्य के लोगों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने में मुश्किलें आ रही थी। यह 370 का ही प्रभाव था कि बाकी राज्यों से अलग जम्मू-कश्मीर के लिए संसद को रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का अधिकार था, लेकिन किसी अन्य विषय से सम्बन्धित क़ानून को लागू करवाने के लिए केन्द्र को राज्य सरकार का अनुमोदन चाहिए होता था। वहीं यहां संविधान की धारा 356 लागू नहीं होती। इस कारण राष्ट्रपति के पास इस राज्य को लेकर कोई अधिकार नहीं रह गया था। संविधान की धारा 360 जिसके अन्तर्गत देश में वित्तीय आपातकाल लगाने का प्रावधान है, वह भी जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं होता था। इस विशेष अधिकार के चलते ही देश के अन्य राज्य का कोई नागरिक जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकता था। सरकार को लगता था कि ऐसा होने के कारण देश का यह उतरी राज्य विकास की गति में पिछड़ रहा है। इसके अलावा आतंकवाद की जड़ में भी यही विशेष अधिकार है। रोजगार के साधन न बढ़ पाने के कारण प्रदेश के युवा देश विरोधी तत्वों के बहकावे में आ रहे हैं। इन्हीं कारणों के चलते 5 अगस्त 2019 को संसद ने धारा 370 और ए 35 को खत्म करने का प्रस्ताव पास किया। इसके बाद सरकार के इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी मुहर लगा दी। सरकार के इस फैसले का असर भी हुआ। अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद कश्मीर पहले से काफी बदल चुका है। कश्मीर में अब अमन-शांति है। सेना पर पत्थरबाजी की घटना इतिहास के पन्नों में दफन हो गई है। बाहरी लोगों के लिए जम्मू-कश्मीर में जमीन खरीदना आसान हो गया है। इससे राज्य में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। वहीं अनुच्छेद 370 के समर्थकों का कहना है कि यह कश्मीर की स्वायत्तता की रक्षा करता था और राज्य के विशेष दर्जे को बनाए रखने में मदद करता था। अनुच्छेद 370 के हटने से केंद्र सरकार का हस्तक्षेप बढ़ गया है। इसे नेशनल कांफ्रेंस ने चुनावी मुद्दा बनाया और सफलता मिलने के बाद विधानसभा में प्रस्ताव भी पास कर दिया। प्रश्न यह उठता है कि क्या सत्ता पाने के लिए किसी राज्य को देश से अलग करने वाले अनुच्छेद को वापस लाना जरूरी है। वैसे तो केंद्र की सहमति के बिना ऐसा हो पाना संभव नहीं है फिर भी उमर अब्दुल्ला सरकार ने एक बार फिर दफन हो चुके अलगाव के बीज को कुरेद तो दिया ही है। राजनीतिक दलों को ऐसे वादों से दूर रहना चाहिए जो देश की अखंडता के लिए खतरा हों।

# एक सदी में पुनर्निर्वाचित प्रथम व्यक्ति ट्रंप



**अमेरिकी चुनाव**
विकेश कुमार बडोला

> वामपंथ के आधिपत्य वाले अधिसंख्य मीडिया संस्थानों द्वारा ट्रंप को पहली बढ़त मिलने तक भी उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के पक्ष में विजयी हवा उड़ाई जा रही थी। किंतु अंततः ट्रंप ही विजेता सिद्ध हुए। उन्होंने अपने विजयी संबोधन में ही युद्ध बंद कराने, अमेरिका में घुसपैठ पर रोक लगाने और मिलकर अमेरिका को आगे बढ़ाने के संकेत दे दिये हैं। उन्हें चुनाव-पूर्व के अपने प्रचार अभियानों में लोगों का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ था। अमेरिका में प्रतिनिधि सभा अर्थात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव निम्न तथा सीनेट उच्च सदन है। इस बार प्रतिनिधि सभा के लिये 435 और सीनेट के लिये 34 सीटों पर मतदान हुआ था और इन दोनों ही सदनों में बैठने के लिए रिपब्लिकन दल को बहुमत प्राप्त हुआ है।

पांच नवंबर को 119वीं कांग्रेस के गठन के लिए अमेरिका में चुनाव संपन्न हुआ और छह नवंबर को घोषित चुनाव परिणाम में रिपब्लिकन प्रत्याशी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विजयी हुए। अमेरिका में गत एक सदी में यह पहली बार होगा कि कोई दूसरी बार राष्ट्रपति बनने जा रहा है। यदि वैश्विक दृष्टिकोण से आकलन किया जाए तो रिपब्लिकन पार्टी का सत्तारूढ़ होना अधिक उपयोगी है। ट्रंप पर 2016 में रिपब्लिकन के राष्ट्रपति नामांकित होने से लेकर अब तक जितने भी आरोपण, दोषारोपण और अन्य लांछन लगे वे सभी विरोधियों की राजनीति से दुष्प्रेरित थे। किंतु अब वे पुनः राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका कार्यकारी संतुलन प्रशंसनीय है। आशा है कि दोनों नेता अमेरिका-भारत के संबंधों को तो प्रगाढ़ व सुदृढ़ करेंगे ही, साथ ही विश्व में शांति की स्थापना हेतु भी एकीकृत दिशादृष्टि साधकर कार्य करेंगे।

वामपंथ के आधिपत्य वाले अधिसंख्य मीडिया संस्थानों द्वारा ट्रंप को पहली बढ़त मिलने तक भी उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के पक्ष में विजयी हवा उड़ाई जा रही थी। किंतु अंततः ट्रंप ही विजेता सिद्ध हुए। उन्होंने अपने विजयी संबोधन में ही युद्ध बंद कराने, अमेरिका में घुसपैठ पर रोक लगाने और मिलकर अमेरिका को आगे बढ़ाने के संकेत दे दिये हैं। उन्हें चुनाव-पूर्व के अपने प्रचार अभियानों में लोगों का अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ था। अमेरिका में प्रतिनिधि सभा अर्थात हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव निम्न तथा सीनेट उच्च सदन है। इस बार प्रतिनिधि सभा के लिये 435 और सीनेट के लिये 34 सीटों पर मतदान हुआ था और इन दोनों ही सदनों में बैठने के लिए रिपब्लिकन दल को बहुमत प्राप्त हुआ है। मतदान की समयावधि में ही अमेरिकी कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अपने एक वक्तव्य द्वारा अमेरिकी लोकतंत्र और चुनाव की पारदर्शिता व उपयुक्तता के बारे में गंभीर प्रश्न खड़े कर दिये थे। उनके अनुसार, यदि रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रंप चुनाव में विजयी नहीं हुए तो यह अमेरिका का अंतिम चुनाव होगा। एलन मस्क साधारण व्यक्ति नहीं हैं। हताशा-निराशा से युक्त उनका यह कथन अमेरिकी लोकतांत्रिक शासन पद्धति में डेमोक्रेटिक दल की अनुचित तथा अमेरिका व विश्वविरोधी शासकीय-प्रशासकीय क्रियाकलापों की ओर ही संकेत करता है। इससे ज्ञात होता है कि डेमोक्रेट्स की दलगत नीतियां वास्तव में अमेरिकियों और अमेरिका के व्यापक हित में न होकर अपने नेताओं के अस्त्रों के व्यापार-व्यवसाय के लिए दुनिया को युद्धक्षेत्र में बदलने पर अधिक केंद्रित रही हैं। यदि ऐसा न होता तो 2020 में सत्तारूढ़ होते ही डेमोक्रेटिक नेताओं ने दुनिया के विभिन्न देशों और भूभागों को परस्पर युद्ध में लिप्त करने की कूटनीतियां न बनाई होतीं। इनका दुष्परिणाम, एक ओर रूस और यूक्रेन के मध्य तो दूसरी ओर इजरायल और फिलीस्तीन व अन्य मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों के मध्य दो-ढाई वर्षों से निरंतर हो रहे युद्धों के रूप में सम्मुख है। इतना ही नहीं दुनिया में डीप स्टेट अर्थात गुप्त क्रूर शासकों द्वारा जो भी विद्रोहजन्य, विध्वंशजनित एवं हिंसाजन्य हस्तक्षेप किया जाता रहा है वह डेमोक्रेट्स जैसे शासकों के साथ मिलकर ही किया जाता रहा है।

डेमोक्रेटिक की विगत चार वर्षीय शासनगत गतिविधियों की तुलना यदि रिपब्लिकन के 2016-2020



के कार्यकाल से करें तो तुलनापरक अध्ययन में आश्चर्यचकित करनेवाले अंतर दिखाई देंगे। संपूर्ण विश्व में राजनीतिक, कूटनीतिक, सामरिक और व्यापारिक संतुलन बनाये रखने के विषय में ट्रंप का शासनकाल अत्यधिक उपयोगी रहा था। उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में चार वर्षों से भी कम समयावधि में विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका की ओर से अनेक सार्थक एवं महत्त्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अराजकता व आतंकग्रस्तता के नियंत्रण में सैन्यव्यस्त अपनी सेना को वहां से वापस बुलाने का निर्णय लिया, जो अमेरिकी सैन्यकर्मियों के लिए बड़ा राहत भरा निर्णय था। उनके द्वारा उत्तर कोरियाई शासक किंग जोंग उन के नाभिकीय-आण्विक अस्त्रों के अवैध व घातक परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाने की दृष्टि से उसके साथ दो-दो शांतिवार्तायें करना अप्रत्याशित घटनायें थीं। चीन के साथ चहुंदिश पारस्परिक संबंधों के शक्तिबंधन के लिए उनका चीन की आधिकारिक यात्रा करना भी तात्कालिक वैश्विक परिदृश्य में अद्वितीय कार्य था। अमेरिका और भारत में अनेक अवसरों पर द्विपक्षीय संबंधों को सच्चे अर्थों में प्रगाढ़ करने हेतु पारंपरिक लोकतांत्रिक औपचारिकताओं से पृथक नवोत्साही व ऊर्जस्वित होकर पारस्परिक और वैश्विक विषयों पर सार्थक वार्ता करना भी ट्रंप के विशिष्ट निर्णयों में से एक था। उन्होंने उसी इजरायल और फिलीस्तीन व अन्य मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों के मध्य शांति वार्ता करने की युक्तियां भी कीं, जो गत दो-ढाई वर्षों से पारस्परिक युद्ध में खपे हुए हैं। उन्होंने अरब क्षेत्र के ममुस्लिम देशों और मध्यपूर्वी दूसरे मुस्लिम देशों के मध्य भी शांति स्थापनार्थ अनेक नवीन नीतियों का क्रियान्वयन किया, जिसके प्रभाव में वैश्विक स्तर पर किन्हीं दो देशों के मध्य संभावित युद्ध होने की आशंकायें समाप्त होती गईं।

हालांकि, अमेरिका और विश्व में स्थित ट्रंप के विरोधियों को दुनिया की इन उपलब्धियों को स्वीकार करने में अत्यंत कष्ट हो रहा था। वास्तव में, विराधियों के भेष में अमेरिका से लेकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैले हुए ऐसे चरमपंथियों, वामपंथियों और मानवता के शत्रुओं को ट्रंप की शांति योजनायें, अशांति फैलाकर धन-संसाधन अर्जित करने के अपने-अपने अभियानों में बड़ा रोड़ा प्रतीत हो रही थीं उन्हें ट्रंप के राष्ट्रपति रहते-रहते अमेरिका के नेतृत्व में निरस्त्रीकरण की एक आचरण सम्मत पहल होती दिखने लगी थी, जो उनके अस्त्र निर्माण उद्योगों के समक्ष अप्रत्याशित चुनौती बन गई थी। आज अमेरिका सहित विश्व के लोकतांत्रिक देशों में जो भी लोकतंत्र विरोधी गतिविधियां हैं- चाहे वे आतंकवाद, अस्त्रीकरण, अलगाववाद, अवैध व्यापार, मादक पदार्थों के अवैध गुप्त धंधों, देशों की भौगोलिक सीमाओं के अनुचित अतिक्रमण के रूप में हों- सभी पर अपेक्षित कार्यकारी क्षमताओं के साथ प्रभावी प्रतिबंध लगाने में ट्रंप ने श्रेष्ठ भूमिका निभायी थी। इसीलिये वे अमेरिका सहित विश्व के बड़े-बड़े माफियाओं (डीप स्टेट्स) को बुरी तरह खटक रहे थे और अंततः अमेरिका स्थित उनके राजनीतिक विरोधियों के साथ मिलकर माफियाओं ने उन्हें 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में षड्यंत्रपूर्वक पराजित करवाने में कोई अवसर नहीं गंवाया। ट्रंप पराजित हुए और जो. बाइडेन राष्ट्रपति बन गये, जो अस्त्र निर्माताओं और उद्योगपतियों के लिए वरदान सिद्ध हुए, क्योंकि कोरोना महामारी के सिमटने के बाद इन निर्माताओं और उद्योगपतियों के अस्त्र इजरायल-फिलीस्तीन तथा रूस-यूक्रेन के उन युद्धों में काम आ रहे हैं जो षड्यंत्रपूर्वक अमेरिकी डेमोक्रेट्स ने ही नियोजित किए हैं। अमेरिका में चुनाव के प्राथमिक और जनरुचि के विषयों में अमेरिकी नागरिक होने की स्वायत्तता, राष्ट्र की स्वायत्तता की सुरक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मूल अमेरिकियों के हितों के दृष्टिगत संरक्षा जैसे विषय सम्मिलित थे।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

**कूटनीति**
डॉ. एन.के. सोमानी




# ट्रंप के सामने अर्थव्यवस्था सुधारने की होगी चुनौती

सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे प्राचीन लोकतंत्र अर्थात संयुक्त राज्य अमेरिका की बागडोर अब रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप के हाथ में होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के 131 साल के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति ने एक बार चुनाव हारने के बाद फिर से सत्ता में वापसी की है। इससे पहले 1893 में ग्रोवर क्लीक्लैंड ऐसे पूर्व राष्ट्रपति थे जिन्हें दोबारा राष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। ट्रंप को जानने वालों का कहना है कि ट्रंप जीतने के लिए ही मैदान में उतरे थे और अतंतः वे जीते भी। राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के रूप में जब वे चुनाव मैदान में उतरे थे तो बहुत कम लोगों को यह अनुमान था कि वे बाइडन की पार्टी को सत्ता से रुखसत करने में सफल हो सकेंगे। अर्थव्यवस्था में सुधार का वादा, आव्रजन नीति, यूक्रेन युद्ध, इजरायल संघर्ष, ट्रेडवॉर आदि मुद्दों ने ट्रंप के लिए बढ़त का काम किया। अर्थव्यवस्था और आव्रजन के मुद्दे पर 'स्विंग स्टेटस' के मतदाताओं ने ट्रंप पर भरोसा जताया और खुलकर उनके पक्ष में वोट दिए। हालांकि, कमला ने गर्भपात अधिकार और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा वादा किया था। अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य भी इस दफा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। सर्वेक्षण में आधे से ज्यादा मतदाताओं का मानना था कि ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हो सकते हैं। लेकिन तमाम धारणाओं के बावजूद ट्रंप दूसरी दफा व्हाइट पहुंचने में सफल रहे। चुनाव में धर्म की एंट्री भी हुई। ट्रंप ने बडी चतुराई से बांग्लादेश का मुद्दा उठाकार भारतीय वोटरों को साधने की कोशिश की। हिन्दू हितों वाला उनका बयान काफी असरकार सिद्ध हुआ। चुनाव में ट्रंप का यह सबसे बड़ा सियासी दांव साबित हुआ। हालांकि, कमला ने भी भारतीय मूल के लोगों को लुभाने के लिए अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अप्रवासियों के लिए आसान नीतियां बनाने, भारतीय कामगारों और विद्यार्थियों के लिए अमरीकी दरवाजे खोलने व वीजा नियमों को आसान बनाने का वादा किया। सवाल यह है कि ट्रंप के सत्ता में आने के बाद दुनिया के प्रति अमेरिका का नजरिया क्या रहेगा। जिस बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात दुनिया के अलग-अलग कोनों में की जा रही है, क्या उसके स्वरूप में कोई बदलाव आएगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप पूर्ववर्ती रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों द्वारा स्थापित परंपरा पर ही आगे बढ़ते हुए दिखें। सवाल भारत को लेकर भी है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ट्रंप की बेहतर कैमिस्ट्री है। वह अक्सर मोदी के साथ अपनी मित्रता की चर्चा करते हैं। उन्होंने चुनाव के दौरान भी भारत-अमेरिकी संबंधों को और मजबूत करने की बात कही है। पर ध्यान रहे कि अमेरिका दुनिया की महाशक्ति है। वह हमेशा अपने राष्ट्रहितों को ध्यान में रखता है। ऐसे में भारत को किसी मुगालते में नहीं रहना चाहिए। हिंद प्रशांत और उसके बाहर चीन के सैन्य और आर्थिक विस्तार को रोकना अमेरिका का घोषित लक्ष्य है। ट्रंप भारत को तभी तक महत्व देंगे, जब तक उन्हें लगता है कि एशिया में चीन को काउंटर करने के लिए भारत एक 'बड़ी जरूरत' साबित हो सकता है। इसलिए जब तक चीन के साथ अमेरिकी प्रतिस्पर्धा रहेगी, तब तक ट्रंप ही नहीं कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के साथ संबंध कमजोर करने का जोखिम नहीं उठाएगा, लेकिन ट्रंप की व्यापार संतुलन व आव्रजन की नीति भारत को परेशान कर सकती है। अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए ट्रंप ऐसी व्यापार नीतियों को लागू करना चाहेंगे जो साफतौर पर अमेरिका केंद्रित होगी। वे भारत पर व्यापार बाधाओं को कम करने और टैरिफ का सामना करने का दबाव डाल सकते हैं। ऐसे में भारत का आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल क्षेत्र का निर्यात बड़े स्तर पर प्रभावित हो सकता है। आयात शुल्क के मामले में वह भारत को दोहन करने वाला राष्ट्र बता चुके हैं। 2023-24 में भारत ने अमेरिका से 42.2 बिलियन डॉलर की वस्तुओं का आयात किया था। वहीं, भारत ने अमेरिका में तकरीबन 77.52 बिलियन डॉलर का निर्यात किया है। इसको लेकर ट्रंप ने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो इस स्थिति को बदलेंगे और भारत पर टैरिफ शुल्क कम करने को लेकर दबाव बनाएंगे। ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भी व्यापार और करों को लेकर भारत-अमेरिकी संबंधों में टकराव की स्थिति बनी थी। सच तो यह है कि आज भारत-अमेरिकी रिश्ते जिस मुकाम पर हैं, वहां राष्ट्राध्यक्षों की व्यक्तिगत पसंद या नापसंद कोई मायने नहीं रखती है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के लिए भी भारत-अमेरिकी संबंधों को नकारना आसान नहीं होगा।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
**दर्शन**

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

## क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
**प्रेरणा**

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**स्वदेशी को बढ़ावा देशहित में**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर दिखते हैं, जोकि देश के कारोबारियों के लिए भी अच्छे दिनों के लिए शुभ संकेत है। मेक इन इंडिया सरकार की बहुत अच्छी पहल है। हमारा देश कभी सोने की चिड़िया होता था, लेकिन पहले इसे मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने देश की धन-संपत्ति को विदेशों में ले गए। हमारे विदेशी वस्तुओं के मोह के कारण देश आर्थिक रूप से प्रभावित हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री हमारे देश की वस्तुओं की मांग विदेशों में बढा़ने की बात कहते हैं। इससे यह उम्मीद की किरण नजर आई कि हमारे देश में इससे विदेशी मुद्रा आएगी, जो देश की आर्थिक व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। देश के लिए बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात है कि हमारे देश के उत्पाद विदेशी मंडियों की शान बनकर विदेशियों तक पहुंच रहे हैं। *- जगदीश साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

### लाहौर में वायु प्रदूषण से हजारों लोग बीमार पड़े

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में अत्याधिक वायु प्रदूषण के कारण हजारों लोगों को अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। डॉक्टरों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं अधिकारियों ने आगाह किया है कि अगर लोगों ने मास्क लगाने समेत अन्य निर्देशों का पालन नहीं किया तो पूर्ण लॉकडाउन लगाया जा सकता है। यह चेतावनी तब दी गई जब लोग बिना मास्क लगाए सड़कों पर घूमते नजर आए। डॉक्टरों ने कहा है कि ज्यादातर लोगों को खांसी तथा आंखों में जलन की शिकायत है। पाक मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सलमान काज़मी ने कहा, "पिछले एक हफ्ते में श्वास संबंधी परेशानी से जूझ रहे हजारों लोगों का अस्पतालों और क्लीनिक में इलाज किया गया। उन्होंने कहा, आप लोगों को खांसते देख सकते हैं, लेकिन फिर भी वे मास्क नहीं लगाते हैं। बुधवार सुबह लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा और वायु गुणवत्ता सूचकांक 1,100 के आंकड़े को पार कर गया। 300 से ज्यादा वायु गुणवत्ता सूचकांक सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। जहरीले 'स्मोग' ने पिछले महीने से शहर को अपनी चपेट में लिया हुआ है। पंजाब प्रांत की वरिष्ठ मंत्री मरयम औरंगजेब ने शहर में पूर्ण लॉकडाउन से बचने के लिए लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी है।



## ऑफ बीट

### आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं – ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

## ट्रेंड

### पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मेधावी छात्रों के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करते हुए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना से 22 लाख से अधिक छात्रों को अब शीर्ष संस्थानों के लिए संपार्श्विक-मुक्त, गारंटर-मुक्त शिक्षा ऋण तक पहुंच प्राप्त होगी।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम उप्र

### गायिका शारदा को नमन



अपनी मधुर आवाज़ के लिए प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी के निधन की ख़बर बेहद दुःखद है। छठ के त्योहार में हर ओर गूंजते उनके गीत श्रद्धालुओं और श्रोताओं को उनकी सदा याद दिलाते रहेंगे।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### प्रगतिशील नीति



यह समय परमाणु ऊर्जा का है। हमें हर समय स्वच्छ ऊर्जा के लिए इसकी आवश्यकता है। भारत एक प्रगतिशील नीति की घोषणा कर सकता है जो निजी क्षेत्र को निवेश के लिए प्रोत्साहित करेगी।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### न्यूकमर की एक्साइटमेंट



40 साल फिल्मों में काम करने के बाद भी अगर एक्साइटमेंट एक न्यूकमर की हो तो इसका मतलब है आपके अंदर का छोटे शहर का लड़का अभी ज़िंदा है। मज़ा आ गया जुहू बीच पर अपनी आने वाली फिल्म विजय 69 का बड़ा बैनर देखकर।
-अनुपम खेर, अभिनेता




**डॉक्टर सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# कैटरेक्ट ऑपरेशन के बाद भी अगर दिखाई पड़े धुंधला



**मेरी उम्र 61 वर्ष है। दो महीने पहले मैंने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया था। ऑपरेशन के बाद भी मेरी आंखों की समस्या पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। अभी भी मुझे धुंधला दिखाई पड़ता है और अकसर आंखों से पानी निकलता रहता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कपिल, महेंद्रगढ़**

ऑपरेशन कराने के कुछ समय बाद तक इस तरह की समस्या कई बार देखी जाती है, लेकिन अगर आपको ऑपरेशन कराए हुए काफी समय हो गया और फिर भी परेशानी आ रही है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। जिस डॉक्टर से ऑपरेशन कराया है, वहां दिखाने के बाद आराम नहीं मिल रहा है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर बदल लेना चाहिए। यानी सेकेंड ओपिनियन लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। मैं कई तरह के फेस-वॉश और क्रीम यूज कर चुका हूं लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। प्लीज मुझे मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राहुल, बिलासपुर**

आपको त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि पहले कई तरह के फेसवॉश का इस्तेमाल कर रखा है। तरह-तरह की फेस वॉश से भी स्किन में समस्या आ जाती है, इसलिए अभी किसी तरह का फेसवॉश इस्तेमाल ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें। उनकी एडवाइस के बाद ही कोई प्रोडक्ट इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। अकसर ही मेरे हाथ-पैरों में सूजन हो जाती है। कभी-कभी तो चेहरा भी सूजा हुआ लगता है। क्या ये किसी बीमारी के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए, कृपया मेरा उचित मार्गदर्शन करें।**

**-सुशील, रायपुर**

आपकी बीमारी के लक्षण सुनकर, बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन कई बार हाथ-पैरों में सूजन शुगर बढ़ने की वजह से भी हो जाती है। क्या आप शुगर के पेशेंट हैं? अगर हैं तो जरूर आपको सबसे पहले अपने ब्लड में शुगर लेवल की जांच करवानी चाहिए। अगर शुगर नॉर्मल है तो भी आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। बिना जांच कराए कोई उपचार नहीं बताया जा सकता है।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे बालों में बहुत ज्यादा डेंड्रफ हो जाते हैं। साथ ही सिर में खुजलाहट-सी बनी रहती है। कृपया बताएं, क्या मुझे इसके लिए मेडिकल ट्रीटमेंट लेने की जरूरत है?**

**-सचिन, महासमुंद**

सर्दी के मौसम में डेंड्रफ होने की समस्या काफी देखी जाती है। इसकी एक वजह यह है कि कई लोग सर्दियों में प्रॉपर सिर नहीं धोते हैं या फिर ज्यादातर समय कैप या मफलर लगाते हैं, जिससे उचित देखभाल नहीं हो पाती है। सबसे पहले आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें, उसकी एडवाइस के बाद ही आप किसी हेयर ऑयल या शैंपू का इस्तेमाल करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से रह-रहकर मेरे कान में दर्द शुरू हो जाता है। कभी-कभी टीस के साथ कानों में घरघराहट जैसी आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कार्तिक, भोपाल**

कान के दर्द को आप हल्के में ना लें, कई बार यह गंभीर बीमारी का कारण भी बन जाता है। क्या आपके कान से लिक्विड भी बहता है? अगर ऐसा है तो आपको तुरंत ईएनटी के डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। कई बार कान की हड्डी में प्रॉब्लम होती है। कान की हड्डी गलने लगती है। समय पर उपचार ना होने की वजह से बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। इसलिए तुरंत जांच कराएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

---

**मेडिकल एडवाइस**

**डॉ. सुमीत सिंघानिया**
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट
कोकिलाबेन धीरू भाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

**स्पेशलः वर्ल्ड निमोनिया-डे, 12 नवंबर**

वैसे निमोनिया की गिरफ्त में हर आयु वर्ग के व्यक्ति आ सकते हैं, लेकिन आमतौर पर 5 साल से कम आयु वाले बच्चों और 65 वर्ष से अधिक उम्र वालों में निमोनिया के मामले कहीं ज्यादा सामने आते हैं। बैक्टीरिया, वायरस या फंगस की वजह से हो सकने वाला निमोनिया बहुत खतरनाक रोग है, जिसका समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर यहां बहुत डिटेल में बता रहे हैं।

# खतरनाक रोग है निमोनिया ट्रीटमेंट में बिल्कुल ना करें देर



- *1.27 लाख पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सन 2018 में भारत में मौतें हुईं। देश में निमोनिया से होने वाली बाल मृत्यु दर में साल-दर-साल गिरावट दर्ज हो रही है।*
- *प्रत्येक 39 सेकेंड में दुनिया भर में एक बच्चे की निमोनिया से मौत होती है। (स्रोतः यूनिसेफ)*
- *प्रतिवर्ष दुनिया भर में 45 करोड़ व्यक्ति निमोनिया से पीड़ित होते हैं।*

दि फोरम ऑफ इंटरनेशनल रेस्पिरेटरी सोसाइटीज के अनुसार फेफड़ों में संक्रमण को निमोनिया कहते हैं। ऐसा संक्रमण जीवाणुओं (बैक्टीरिया), विषाणुओं (वायरस) और कवक (फंगस) के कारण होता है। ऐसे संक्रमण के कारण फेफड़ों में सूजन और तरल पदार्थ जैसे मवाद और बलगम के रूप में जमा होने लगते हैं। जीवाणुजनित संक्रमण के अंतर्गत फेफड़ों में ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के कारण होने वाले संक्रमण को भी निमोनिया के अंतर्गत शुमार किया जाता है। वहीं वायरस से होने वाले संक्रमणों जैसे फ्लू और स्वाइन फ्लू आदि बीमारियों में वायरस के दुष्प्रभाव से फेफड़ों में होने वाले संक्रमणों को भी निमोनिया के अंतर्गत माना जाता है। बावजूद इसके, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग 90 फीसदी मामले जीवाणुजनित निमोनिया से संबंधित होते हैं। बैक्टीरियल निमोनिया का एक कारण न्यूमोकोकल बैक्टीरिया है, जिसे स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया कहा जाता है। जब दोनों फेफड़ों में संक्रमण हो जाता है, तो इस गंभीर मेडिकल स्थिति को डबल निमोनिया कहते हैं।

## जीवाणुजनित निमोनिया के लक्षण

सांस लेने में दिक्कत, तेजी से सांस चलना, तेज बुखार, पीले, हरे या रक्तयुक्त बलगम के साथ खांसी। दिल की धड़कन का तेज होना। गहरी सांस लेने पर सीने में दर्द महसूस होना। भूख में कमी। त्वचा या नाखून का नीला पड़ना। बेचैनी महसूस करना और उल्टी होना।

## वायरल निमोनिया के लक्षण

ऐसे में मरीज को उपरोक्त कुछ लक्षणों के अलावा ये लक्षण भी महसूस हो सकते हैं। जैसे- मांसपेशियों में दर्द, अत्यधिक कमजोरी महसूस होना, सूखी खांसी आना। लगातार सिर दर्द होना।

## छोटे बच्चों में निमोनिया के लक्षण

पसली चलना, एक साल से कम उम्र के बच्चे दूध पीना छोड़ देते हैं और इससे बड़ी उम्र के बच्चे खाना-पीना बंद कर देते हैं। सांस लेते समय घरघराने जैसी आवाज, पेशाब की मात्रा में कमी होना, बुखार के साथ ठंड लगना और त्वचा का लाल होना, उल्टी होना, बच्चे का सुस्त रहना।

## बुजुर्गों में लक्षण

उपरोक्त लक्षणों के अलावा बुजुर्गों में खास तौर पर अनियंत्रित रक्तचाप से संबंधित समस्या उत्पन्न होती है। अनेक बुजुर्गों को या तो उच्च रक्तचाप की समस्या उत्पन्न होती है या फिर वे लो ब्लड प्रेशर के शिकार हो सकते हैं या फिर उनके रक्त में ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। उन्हें अत्यधिक थकान और कमजोरी महसूस होती है।

## इनको है ज्यादा रिस्क

जो लोग पहले से ही दमा, ब्रॉन्काइटिस और सांस संबंधी अन्य रोगों जैसे क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पलमोनरी डिजीज(सीओपीडी) आदि से पीड़ित हैं, उनमें निमोनिया होने का जोखिम कहीं ज्यादा होता है। इसके अलावा जो लोग कैंसर, मधुमेह, किडनी और दिल की बीमारी से ग्रस्त हैं, उन्हें निमोनिया होने का जोखिम ज्यादा रहता है।

## डायग्नोसिस के तरीके

डॉक्टर द्वारा क्लीनिक में परीक्षण, सीने का एक्सरे, मरीज के बलगम की जांच, सीटी स्कैन, ब्रॉन्कोस्कोपी और ब्लड टेस्ट से किसी व्यक्ति में निमोनिया रोग होने का पता चलता है।

## ट्रीटमेंट का तरीका

यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी के एक अध्ययन के अनुसार अगर समय रहते निमोनिया का समुचित रूप से इलाज नहीं कराया गया तो यह स्थिति जानलेवा हो सकती है, क्योंकि फेफड़ों में तरल पदार्थ के एकत्र होने से श्वसन तंत्र की कार्यप्रणाली ठप पड़ सकती है। इस स्थिति में शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन ना मिलने पर महत्वपूर्ण अंग अपना कार्य करना बंद कर देते हैं।

जांचों के बाद ही डॉक्टर इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार डॉक्टर, मरीज को एंटीबायोटिक्स या एंटीवायरल या एंटी फंगल दवाएं देते हैं। इसके अलावा मरीज के लक्षणों के अनुसार दवाएं दी जाती हैं-जैसे खांसी और बुखार को नियंत्रित करने के लिए। जो मरीज गंभीर निमोनिया से ग्रस्त होते हैं, उन्हें ऑक्सीजन भी देनी पड़ती है।

## ऐसे करें बचाव

बुजुर्गों और वयस्कों में टीकाकरण (वैक्सीनेशन) निमोनिया से बचाव में काफी हद तक सहायक है। जो लोग हाई रिस्क ग्रुप में आते हैं, उन्हें वैक्सीनेशन अवश्य करवाना चाहिए। इस संदर्भ में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

## जाड़े के मौसम में रहें सावधान

सर्दियों में तापमान में कमी के कारण सांस नलियां सिकुड़ जाती हैं- खासकर बुजुर्गों में। इस कारण जो लोग पहले से ही पुराने सांस रोगों जैसे दमा, सीओपीडी आदि से ग्रस्त हैं, उनके निमोनिया ग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। वैसे सर्दियों में निमोनिया उत्पन्न करने वाले जीवाणु और वायरस कुछ ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। इस कारण भी निमोनिया के मामले बढ़ते हैं।

## ताकि संक्रमण ना फैले

- खांसते समय अपना मुंह और नाक ढंकें और टिश्यू पेपर को बंद कचरे के डिब्बे में डालें।
- किसी वस्तु को खाने से पहले अपने हाथों को साबुन या हैंड सेनीटाइजर से साफ करें।
- अपने आवास या कार्यस्थल में उन सतहों को बार-बार साफ करें, जिन्हें लोग छूते रहते हैं।
- डायरेक्ट और पैसिव स्मोकिंग से बचें। *

**प्रस्तुतिःविवेक शुक्ला**


### वायु प्रदूषण में निमोनिया का खतरा





वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) के 100 से अधिक होने पर ऐसे परिवेश में लंबे समय तक कार्य करने से निमोनिया समेत फेफड़ों की अन्य बीमारियां होने का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण के माहौल में अधिक समय तक रहने से फेफड़ों में सूजन यानी (इन्फ्लेमेशन) होने का खतरा बढ़ जाता है, जो कालांतर में निमोनिया के खतरे को बढ़ा देता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि प्रदूषित वायु में कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड आदि अन्य विषाक्त गैसें होती हैं, जो आगे चलकर फेफड़ों से संबंधित विभिन्न बीमारियों को उत्पन्न करती हैं।

### ऐसा हो खान-पान





- सुपाच्य भोजन ग्रहण करें, जिसमें दलिया और खिचड़ी का विशेष महत्व है।
- उबली हरी सब्जियां और मूंग, मसूर की दाल का सेवन लाभप्रद है।
- अत्यधिक वसा या चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- परवल, लौकी और करेला का अधिक सेवन हितकर है।
- फलों के जूस के बजाय गर्म सूप का सेवन करें।
- सेब के अलावा खट्टे फलों जैसे अमरूद, आंवला आदि और ड्राई फ्रूट्स का सेवन लाभप्रद है।
- अत्यधिक ठंडा पानी और कोल्ड ड्रिंक्स ना पिएं।
- जंक फूड्स और प्रोसेस्ड फूड्स से बचें।
- आइसक्रीम और मिठाई ना खाएं।

---

**अवेयरनेस**

**डॉ. भूपेंद्र सिंगला**
बाल रोग विशेषज्ञ
चाइल्ड केयर सेंटर, दिल्ली

जन्म लेने के बाद से अगले कुछ महीने नवजात शिशु के लिए बहुत सेंसिटिव होते हैं। ऐसे में जरा-सी लापरवाही से नन्हे बच्चे को गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कौन-सी हैं ये समस्याएं और इनसे कैसे बचाएं अपने शिशु को इस बारे में सभी पैरेंट्स को पता होना चाहिए।

# पूरी सावधानी के साथ करें नवजात शिशु की देखभाल



बच्चे के स्वस्थ विकास के लिए नवजात शिशु की समुचित देखभाल करना बहुत जरूरी है। शिशु की समुचित देख-रेख करने की जिम्मेदारी मां ही नहीं, पूरे परिवार की होती है। सही जानकारी और समुचित देखभाल के अभाव में कई बच्चों के लिए जन्म के बाद का कुछ समय जोखिम भरा हो सकता है। बच्चे कई तरह के इंफेक्शन और बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। पैरेंट्स को पूरी एहतियात बरतनी और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से भी कंसल्ट करना जरूरी है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार ध्यान ना देने की वजह से तकरीबन 15 प्रतिशत नवजात बच्चे इंफेक्शन और कई तरह की बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। शिशुओं की सुरक्षा और समुचित देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 7 नवंबर को दुनिया भर में शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है।

**सिर में इंफेक्शन होनाः** समुचित साफ-सफाई के अभाव में शिशु के सिर पर धीरे-धीरे गंदगी की परत-सी जम जाती है, जिसे क्रैडल क्रैब कहा जाता है। इससे स्किन इंफेक्शन होने का डर रहता है। इसे हटाने के लिए बच्चे को ऑयल मसाज के बाद डॉक्टर की सलाह पर मेडिकेटेड शैंपू से सिर धोना फायदेमंद है।

**आंखों में इंफेक्शनः** समुचित ध्यान ना रखे जाने पर शिशु की आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। जिसकी वजह से आंखों से पानी निकलता है और आंखें चिपचिपी रहती हैं, जबकि शिशु की आंखें रेग्युलर साफ करनी जरूरी हैं क्योंकि नाजुक होने के कारण इंफेक्शन, नजर को प्रभावित कर सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में गीले किए छोटे-छोटे कॉटन-बॉल्स लेकर नाक से कान की तरफ ले जाते हुए दिन में कम से कम दो बार आंखें साफ करनी चाहिए। जरूरत हो तो डॉक्टर से कंसल्ट करके आई ड्रॉप्स भी डाले जा सकते हैं। एक्सपर्ट्स के हिसाब से छोटे बच्चों की आंखों में काजल नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि काजल में काफी मात्रा में लेड होता है। यह लेड आंखों के कॉर्निया पर प्रेशर डालता है और आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए सावधानी बरतें।

**मुंह में फंगल इंफेक्शनः** दूध पीने से शिशु के मुंह में खासकर जीभ पर दूध जम जाता है, जिससे ओरल थ्रश फंगल इंफेक्शन होने की आशंका बनी रहती है। इससे बचाव के लिए दूध पिलाने के बाद नवजात शिशु की जीभ और मुंह को साफ रखना चाहिए। इसके लिए साफ और मुलायम कपड़े को उबाल कर ठंडा किए हुए पानी में भिगोकर पूरे मुंह को साफ करना चाहिए।

**कान में इंफेक्शनः** लेट कर ब्रेस्टफीडिंग कराने पर कई बार दूध गले से कान तक जाने वाली नली यूस्टेशियन ट्यूब में चला जाता है। जिससे शिशु को कान का इंफेक्शन हो जाता है और कान बहने लगता है। इससे बचने के लिए दूध पिलाते समय बच्चे का सिर हमेशा ऊंचा रखना चाहिए ताकि दूध आराम से फूड पाइप से नीचे चला जाए।

**रैशेज होनाः** नए एंवॉयर्नमेंट में आने के कारण जन्म के 3-4 दिन बाद कुछ बच्चों में रैशेज की समस्या देखी जाती है। ये रैशेज आमतौर पर चेहरे से शुरू होकर शरीर तक जाते हैं और एकाध सप्ताह में ठीक हो जाते हैं। इचिंग से बचाने के लिए उन्हें नए स्टार्चयुक्त कपड़े ना पहनाकर धोने के बाद ही सूती कपड़े पहनाने चाहिए। अगर इन रैशेज में पस भी पड़ जाए, तो डॉक्टर को कंसल्ट करें क्योंकि यह सुपरफीशियल फंगल इंफेक्शन भी हो सकता है।

**मां के हार्मोंस नवजात शिशु में आनाः** कई बार मां के एस्ट्रोजन हार्मोंस गर्भस्थ कन्या-भ्रूण के शरीर में चले जाते हैं। जिससे जन्मोपरांत बच्ची की ब्रेस्ट में हल्की-सी सूजन आ जाती है और दूध निकलता है। कई मामलों में नवजात शिशु को वाइट डिस्चार्ज या हल्की-सी ब्लीडिंग भी होती है। वैज्ञानिक भाषा में मास्टाइटिस नियोनेटरम कहा जाता है। ऐसे में डॉक्टर से कंसल्ट करना बेहतर है, वरना इंफेक्शन की संभावना रहती है।

**एंबिकल गर्भनाल में इंफेक्शनः** नवजात शिशु की नाभि में लगी क्लिप से बंद की गई गर्भनाल को सूखा रखना जरूरी है। गर्भनाल धीरे-धीरे सिकुड़ते हुए 8-10 दिन में अपने आप झड़ जाती है। इस दौरान गर्भनाल को धोना या पावडर या ऑयल नहीं लगाना चाहिए। इससे इंफेक्शन होने की संभावना रहती है। नाभि के आस-पास का हिस्सा लाल हो जाता है, सूजन आ जाती है या पस निकलने लगती है। कोई समस्या होने पर डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है।

**पसली का तेजी से चलनाः** आमतौर पर नवजात शिशु का ब्रीदिंग रेट 60/ मिनट से ज्यादा हो और पसलियों में गड्ढे पड़ रहे हों या चेस्ट रिट्रेक्शन हो रहा है, तो संभव है कि उसे लंग्स या हार्ट डिजीज हो। कई बार उसे सर्दी लगने या रेस्पेरेटरी ट्रैक में इंफेक्शन से भी ऐसा होता है। ऐसे में शिशु को तुरंत डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

**जांडिस होनाः** जन्मोपरांत 4-5 दिन में नवजात शिशु में लिवर मैच्योर ना होने की वजह से फिजियोलॉजिकल जांडिस हो सकता है। आमतौर पर यह 3-5 दिन में ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ मामलों में यह ज्यादा दिन तक रहता है। इलाज के लिए शिशु को फोटो थेरेपिक लाइट में रखना पड़ता है। बच्चे में अगर पीलिया 20 मिलीग्राम प्रति डेसीमीटर से ज्यादा हो जाए, तो स्थिति गंभीर हो जाती है। पीलिया बच्चे के ब्रेन में चला जाता है और ब्रेन को परमानेंट डैमेज कर सकता है।

**मल त्याग में समस्याः** आमतौर पर शिशु का दिन में 2-3 बार स्टूल पास करना सामान्य माना जाता है। लेकिन बैक्टीरियल इंफेक्शन होने पर बच्चा दिन से 4-5 बार मल त्याग करता है और उसका मल अलग-अलग शेप का, हरे रंग का या खून युक्त आता है। इसी तरह फॉर्मूला मिल्क पीने से अकसर शिशु को कब्ज की शिकायत हो सकती है। जिसकी वजह से उसे पेट में दर्द, ऐंठन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में तुरंत बाल रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। *

**प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा**

### समुचित पोषण ना मिलना



समय-असमय सोने, ब्रेस्ट फीडिंग के बाद उल्टी कर दूध निकालने या फिर अंदरूनी तकलीफ होने पर सुस्त पड़ने की वजह से बच्चा दूध नहीं पी पाता। समुचित पोषण ना मिल पाने से उसका विकास अवरुद्ध हो सकता है। एक्सपर्ट्स की मानें तो नवजात शिशु को ब्रेस्ट फीडिंग कराने में 2-3 घंटे से ज्यादा का गैप नहीं रखना चाहिए। अगर बच्चा सो भी रहा हो, तो उठाकर फीड कराना चाहिए। दूध पिलाने के बाद बच्चे को छाती से सीधा लगाकर पीठ को हल्के हाथ से थपकियां देनी चाहिए ताकि उसे डकार आ जाए और वह उल्टी ना करे। दूध ना पीने की स्थिति में यथाशीघ्र डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

---

**हर्बल जोन**

**रेखा देशराज**

बिच्छू बूटी में अनेक ऐसे औषधीय गुण मौजूद होते हैं, जो कई रोगों में कारगर होते हैं। खासतौर पर इन दिनों की हल्की सर्दी में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी, इसका सही तरीके से किया गया सेवन, हमें बचाए रखता है। इस बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# गुनगुनी सर्दियों में गर्माइश देती बिच्छू बूटी



उत्तराखंड के जंगलों, हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में यूं ही खूब उगने वाली बिच्छू बूटी या बिछुआ, जिसे हिमाचल प्रदेश में कंडाली के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसी पारंपरिक औषधीय जड़ी बूटी है, जो अपनी पत्तियों में उगे डंकों या कांटों के लिए जानी जाती है। इसका वैज्ञानिक नाम अर्टिका डाइओका है। यह मूलतः पश्चिमी देशों में इस्तेमाल होने वाली हर्ब है। लेकिन अब भारत में भी लोग इसका खूब इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि यह भारत के लगभग सभी पहाड़ी और मैदानी जंगलों में अपने आप उगती है। धीरे-धीरे इसके फायदों को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। इसे पंसारियों की दुकान से जड़ी बूटी के रूप में और इसके इस्तेमाल से बनी तमाम औषधियों को आयुर्वेदिक दवा स्टोर से खरीदा जा सकता है।

**मौजूद औषधीय गुणः** यह सचमुच बड़े काम की वानस्पतिक औषधि है। सर्दियों में इसके इस्तेमाल से शरीर में गुनगुनी गर्माइश का प्रवाह रहता है। यह जोड़ों के सूजन को कम करती है। रक्त में शर्करा को नियंत्रण करती है। जिन लोगों को मूत्र करने में परेशानी हो, उन्हें इसका इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि इससे मूत्र प्रवाह बेहतर होता है।

**कई रोगों में कारगरः** बिच्छू बूटी की पत्तियों में विटामिन-ए, विटामिन-सी के साथ-साथ आयरन, प्रोटीन और कई तरह के खनिज पदार्थ पाए जाते हैं। इसकी चाय पीने से गुनगुनी सर्दियों में शरीर को बहुत राहत मिलती है और हम शुरुआती सर्दी में होने वाले संक्रमण से बचे रहते हैं। इसका इस्तेमाल त्वचा की एलर्जी कम करती है। इसकी नियमित चाय पीने से शरीर का डिटॉक्सीफिकेशन होता है। इसके बीज और अर्क के इस्तेमाल से शरीर में सेरोटोनिन बढ़ता है, जिससे ऊर्जा मिलती है। बिच्छू बूटी के कंटीले पत्तों का दरदरा लेप बनाकर अगर सूजे हुए जोड़ों में लगाया जाए तो जोड़ों के दर्द में कमी होती है। बिच्छू बूटी में एंटी-अस्थेमेटिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो अस्थमा रोगियों की परेशानियों को कम करते हैं। लेकिन अस्थमा रोगियों को इसका इस्तेमाल बिना हर्बल एक्सपर्ट की सलाह के नहीं करना चाहिए वर्ना इसके नुकसान भी हो सकते हैं। चूंकि यह शरीर से अच्छी तरह से विषाक्त पदार्थों को निकालने में सक्षम है। इसलिए इसका इस्तेमाल डिटॉक्सीफिकेशन के तौर पर भी होता है। इसके इस्तेमाल से हमारी पाचन क्षमता बेहतर होती है। स्वास्थ्य रक्षा प्रणाली मजबूत बनती है।

**हार्ट बनाए हेल्दीः** बिच्छू बूटी का इस्तेमाल हृदय के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा रहता है, विशेष रूप से अगर बिच्छू बूटी की बनी चाय का नियमित सेवन किया जाए। क्योंकि इसके सेवन से लोवर सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद मिलती है और कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम सही रहता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा स्वस्थ बनी रहती है। किडनी और पित्ताशय की थैली सुरक्षित रहती है। मांसपेशियों के दर्द में यह कारगर है। लेकिन इसका सेवन किसी भी रूप में करने से पहले अपनी स्वास्थ्य दशा बताकर आयुर्वेद विशेषज्ञ या किसी अनुभवी वैद्य से सलाह अवश्य करें। *

---

## रिलायंस जियो ने सरकार पर बनाया दबाव, सैटेलाइट स्पेक्ट्रम पर रख दी ये मांग

सैटेलाइट स्पेक्ट्रम आवंटन पर विवाद नहीं थम रहा है। इस मामले में रिलायंस जियो ने एक बार फिर से सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की है। सैटेलाइट स्पेक्ट्रम आवंटन के मामले में रिलायंस जियो ने सुप्रीम कोर्ट के जज की राय का हवावा देकर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण से कहा है कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम आवंटन के मामले में सभी टेलिकॉम ऑपरेटर से सही से सलाह मशविरा करके कोई निर्णय लेना चाहिए, जिससे सैटेलाइट स्पेक्ट्रम में सबी प्लेयर को बराबरी का हिस्सा मिल सके। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश जस्टिस एल नागेश्वर राव ने कहा है कि दूरसंचार अधिनियम की अनुसूची। में जरूरत के हिसाब से बदलाव किया जा सकता है।

# देश भर में छठ व्रतियों ने डूबते हुए सूर्य को दिया अर्घ्य

## पटना से लेकर दिल्ली तक घाटों पर दिखी रौनक

एजेंसी



नई दिल्ली, देश के अलग-अलग हिस्सों में आज छठ महापर्व के तहत तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। इस दौरान अलग-अलग हिस्सों में घाटों पर शानदार नजारा देखने को मिला। गुवाहाटी, कोलकाता, भागलपुर, पटना, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली, पंजाब, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई समेत देश के तमाम बड़े शहरों में आज छठ पूजा मनाया गया। कल उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ ही चार दिवसीय चलने वाला यह महापर्व खत्म हो जाएगा। छठ पूजा को लेकर राष्ट्रपति प्रधानमंत्री सहित तमाम बड़े नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं भी दी थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देशवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख व समृद्धि की कामना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, छठ के संध्या अर्घ्य के पावन-पुनीत अवसर पर आप सभी को मेरी असीम शुभकामनाएं। सादगी, संयम, संकल्प और समर्पण का प्रतीक यह महापर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए। जय छठी मइया! यह त्यौहार कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि और दिवाली के छह दिन बाद शुरू होता है।

संबलपुर में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छठ पूजा की। भाजपा सांसद मनोज तिवारी और उनके परिवार के सदस्य दिल्ली में अपने आवास पर छठपूजा का अनुष्ठान करते हुए। अमेरिका के वर्जीनिया प्रांत में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य छठ पूजा मनाने के लिए अपने दोस्तों और परिवार के साथ एकत्र हुए। चार दिवसीय पर्व पांच नवंबर को नहाय खाय अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ था। दूसरे दिन, बुधवार को व्रतियों ने खरना किया। दिल्ली में छठ पूजा के तीसरे दिन आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल छठ पूजा का अनुष्ठान किया। उन्होंने कहा कि छठी मैया ढेर सारी खुशियाँ दें, आशीर्वाद दें। मैं अभी अपने विधानसभा में छठी मैया की पूजा करने आया हूं। मैंने सबके साथ पूजा की। दिल्ली सरकार ने दिल्ली में 1000 से ज्यादा जगहों पर छठ पूजा का आयोजन किया है। हमारी सरकार बनने से पहले 200-250 जगहों पर इसका आयोजन होता था। लेकिन जनता की सुविधा के लिए हमने दिल्ली में कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किया है और मुझे बहुत खुशी है।

बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि सभी को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। छठी मैया की कृपा आप सभी पर बनी रहे, आपका जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भरपूर रहे, यही मेरी कामना है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि मैं सभी पूर्वांचली भाइयों-बहनों और दिल्ली के सभी निवासियों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं। आज दिल्ली में छठ का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। दिल्ली सरकार की ओर से दिल्ली के कोने-कोने में छठ घाट बनाए गए हैं।

## छठ पूजा पर पटना के गंगा किनारे पहुंचे जेपी नड्डा



सीएम नीतीश संग किया घाटों का दौरा

एजेंसी

नई दिल्ली, छठ पूजा के मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और अन्य प्रमुख नेताओं ने पटना में गंगा घाट का दौरा किया और त्योहार में भाग लेने वाले लोगों को शुभकामनाएं दीं। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी बिहार और भारत में शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करने के लिए घाटों पर गए। बिहार सरकार ने बड़ी सभाओं को समायोजित करने के लिए 100 से अधिक घाटों पर विस्तृत व्यवस्था लागू की है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह स्वर्गीय आशुतोष टंडन की प्रथम पुण्यतिथि में सम्मिलित होंगे



संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ से सांसद केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 09 नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का शनिवार शाम 04:40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर आगमन होगा। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। रक्षा मंत्री शाम 06:20 पर आवास से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लिए रवाना होंगे और वहां पूर्व मंत्री स्वर्गीय आशुतोष टंडन की प्रथम पुण्यतिथि पर लालजी टंडन फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'राजनीति में शालीनता सुचिता और सेवा' विषय पर आयोजित परिचर्चा में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के उपरांत शाम 7:30 बजे वापस कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को प्रातः 11:00 बजे निराला नगर में वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी मिश्रा के आवास उसके बाद अलीगंज में डॉ० कमल जायसवाल और त्रिवेणी नगर में पार्षद देव शर्मा मिश्रा मुन्ना के आवास भी जाएंगे। उसी दिन शाम 4:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना होंगे।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 33.c |
| न्यूनतम तापमान | 24.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,634.72 |
| निफ्टी | 25,013.85 |

## पेपर लीक मामले पर घिरी हेमंत सोरेन सरकार

- अमित शाह ने किया एसआईटी बनाकर जांच कराने का वादा

एजेंसी

रांची, झारखंड की हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली जेएमएम गठबंधन सरकार के लिए विधानसभा चुनाव जीतने की राह मुश्किल होती जा रही है। दरअसल, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (खररउ) से जुड़ी गड़बड़ियों के मुद्दे पर सरकार बुरी तरह घिरी हुई है। इन मुद्दों पर सरकार जनता को जवाब नहीं दे पा रही है। हाल ही में, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह झारखंड दौरे पर आये थे। इस दौरान उन्होंने परीक्षा पेपर लीक का मुद्दा उठाकर सत्ताधारी जेएमएम पर निशाना साधा। इसी के साथ शाह ने जनता से वादा किया कि अगर राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो एसआईटी द्वारा इन मामलों की जांच होगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। झारखंड की जनता को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, 'परीक्षा के 11 से ज्यादा पेपर लीक हुए, मगर हेमंत बाबू खामोश हैं क्योंकि पेपर लीक कराने वाले उन्हीं के चट्टे-बट्टे हैं। आपने भले संरक्षण दिया, मैं कहकर जाता हूं, हम एसआईटी बनाकर पेपर लीक करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे बांधने का काम करेंगे।'

# सीएम योगी को सौंपा गया राष्ट्रीय जल पुरस्कार

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अक्टूबर में उत्तर प्रदेश को किया था सम्मानित

संवाददाता

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल प्रबंधन और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को चार महीने में तीन पुरस्कार प्रदान किये गए। जिन्हें विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को सौंपा। ग्रामीण इलाकों में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने के साथ जल संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में शानदार काम के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को देश में दूसरा स्थान मिला। बीते दिनों (अक्टूबर) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश को प्रदान किया था, जिसे गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा गया। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उड़ीसा को पहला और गुजरात-पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला था।

### चार माह में उत्तर प्रदेश को मिले तीन पुरस्कार

जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश को चार माह में तीन पुरस्कार मिले। हर घर नल योजना के तहत उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक घरों तक नल से जल पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया।



स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा स्वच्छता अभियान व अन्य नदी संरक्षण कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश को 13 जुलाई को स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिला था। नोएडा इन्टरनेशनल ट्रेड शो-2024 में उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों और उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगाने के लिए उत्तर प्रदेश को 27 सितंबर को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड प्रदान किया था। यह अवार्ड भी विभाग के अफसरों ने मुख्यमंत्री को सौंपा। जल संरक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए 22 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान किया था। इस श्रेणी में उत्तर प्रदेश को दूसरा स्थान मिला था। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश ने अपना यूनिक मोमेंटो बनाया है।

**संक्षिप्त समाचार**

### जम्मू कश्मीर : कुपवाड़ा में सेना के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

एजेंसी

नई दिल्ली, जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुधवार को उत्तरी कश्मीर जिले के लोलाब के मार्गी इलाके में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई उन्होंने बताया कि अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो गया, जिसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एके राइफल, दो हथगोले और चार एके राइफल मैगजीन बरामद की गईं हैं।

### सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती नियमों को बीच में नहीं बदला जा सकता: न्यायालय

एजेंसी

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के नियमों में बीच में तब तक बदलाव नहीं किया जा सकता जब तक कि ऐसा निर्धारित न किया गया हो। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले निर्धारित किए जा चुके नियमों से बीच में छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि चयन नियम मनमाने नहीं बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होने चाहिए।

# पाकिस्तान से यासीन मलिक की पत्नी का राहुल गांधी को पत्र, जेल में बंद पति को लेकर मांगी मदद

एजेंसी



नई दिल्ली, जेल में बंद जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक ने विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे अपने पति के लिए संसद में बहस शुरू करने का आग्रह किया, जिनके बारे में उनका दावा है कि वह जम्मू-कश्मीर में शांति ला सकते हैं। मानवाधिकार और महिला सशक्तिकरण पर पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के पूर्व सहायक मलिक का मानना है कि जम्मू-कश्मीर में चल रही शांति प्रक्रिया में यासीन मलिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और उनकी दुर्दशा पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए।

यासीन मलिक की पत्नी मुशाल हुसैन मलिक पाकिस्तान में ही रहती है। मलिक की पत्नि ने लिखा कि राहुल जी, यासीन मलिक जम्मू-कश्मीर में शांति के लिए एक ताकत हो सकते हैं, अगर उन्हें उचित मौका दिया जाए। उन्होंने कांग्रेस नेता से मलिक के बिगड़ते स्वास्थ्य के अपरिवर्तनीय परिणाम होने से पहले हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मेरे पति का चल रहा इलाज यातना से कम नहीं है, और मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि उन्हें न्याय दिलाने में हमारी मदद करें। गांधी को लिखे एक पत्र में, मुलिक ने अपने पति के सामने चल रही कानूनी लड़ाइयों की ओर ध्यान आकर्षित किया, विशेष रूप से दशकों पुराने राजद्रोह के मामले में, जिसमें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अब मौत की सजा की मांग की है।

## महायुति ने घोषणा पत्र जारी किया, बहनों को प्रति माह मिलेंगे 2100 रुपये

एजेंसी

मुंबई, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही दिन बचे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महागठबंधन होने के बाद मंगलवार को चुनावी घोषणा पत्र जारी हो चुका है। महायुति का चुनावी घोषणा पत्र काफी खास है क्योंकि इसमें लड़की वहीं योजना के तहत 1500 हर महीने की राशि को बढ़कर एक किस 2100 करने का वादा किया गया है। महायुति के घोषणा पत्र के जरिए भाजपा वाले गठबंधन ने हर वर्ग के लोगों का ध्यान रखा है।

## ममता बनर्जी ने लिखा 'छठ गीत'

- संध्या पूजा में शामिल होते हुए कहा- 126 घाटों की सफाई और सभी इंतजाम कराए गए


एजेंसी



नई दिल्ली, छठ पूजा का पवित्र त्योहार देश के साथ दुनिया के कई हिस्सों में आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है वहीं इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महापर्व छठ के लिए एक गीत लिखा है। सीएम ममता बनर्जी इसकी जानकारी खुद सभी को दी है गौर हो कि पश्चिम बंगाल में भी छठ पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी डोई घाट पर छठ पूजा समारोह के तहत संध्या पूजा में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि हर साल यहां छठ पूजा होती है। यहां सारी तैयारियां की गई हैं, पुलिस बल भी व्यापक मात्रा में तैनात है। छठी मईया की पूजा करने के लिए यहां बहुत लोग आते हैं। आप सभी को बंगाल सरकार और बंगाल वासियों की ओर से छठ पूजा की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति : अमित शाह

एजेंसी



नई दिल्ली, नई दिल्ली में 'आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024' के उद्घाटन सत्र को गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। शाह ने साफ तौर पर कहा कि हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा बनाए रखने के लिए अब तक 36,468 पुलिसकर्मी अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं। मैं आज उन सभी को सर्वोच्च बलिदान देने की उनकी भावना के लिए श्रद्धांजलि देना चाहता हूं और देश की ओर से उनके परिवारों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। शाह ने कहा कि पीएम मोदी के देश का प्रधानमंत्री बनने के 10 साल के अंदर भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति अपनाई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के उनके नारे को आज न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। भारत के अंदर आतंकवाद से लड़ने का एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार हो चुका है। हालाँकि, अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के 'आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' के आह्वान की दुनिया ने सराहना की है। वार्षिक सम्मेलन पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न होने वाले खतरों पर विचार-विमर्श के लिए परिचालन बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों और आतंकवाद-रोधी एजेंसियों के लिए एक बैठक बिंदु के रूप में उभरा है। बयान में कहा गया है कि सम्मेलन का मुख्य फोकस 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' की भावना में आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना और भविष्य की नीति निर्माण के लिए ठोस इनपुट प्रस्तुत करना है।

# भारतीय रेलवे ने बनाया नया रिकॉर्ड, एक ही दिन में 3 करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने किया ट्रेन में सफर

एजेंसी



नई दिल्ली, भारतीय रेलवे ने 4 नवंबर, 2024 को एक ही दिन में 3 करोड़ से अधिक यात्रियों को परिवहन करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। रेल मंत्रालय ने बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी है। 4 नवंबर को, भारतीय रेलवे ने रिकॉर्ड 180 लाख उपनगरीय यात्रियों के साथ-साथ 19.43 लाख आरक्षित यात्रियों और 101.29 लाख अनारक्षित यात्रियों सहित 120.72 लाख गैर-उपनगरीय यात्रियों को ढोया, जिससे यह 2024 में एक दिन में सबसे अधिक यात्री संख्या बन गई। कुल यात्री यातायात इस दिन यह संख्या 3 करोड़ से अधिक हो गई, जिसने एक नया मानदंड स्थापित किया।

मंत्रालय के अनुसार, 1 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच भारतीय रेलवे से बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड तक लगभग 6.85 करोड़ यात्रियों ने निर्धारित ट्रेनों के माध्यम से यात्रा की। यात्रियों की यह प्रभावशाली संख्या ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों की संयुक्त आबादी से अधिक है, जो इस अवधि के दौरान यात्रा के विशाल पैमाने को उजागर करती है। मंत्रालय ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि यह उपलब्धि त्योहारों के चरम समय के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करने, सभी के लिए यात्रा को आसान और अधिक सुलभ बनाने की भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

त्योहारी सीजन के दौरान यात्री यातायात में भारी भीड़ को देखते हुए, भारतीय रेलवे ने 1 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2024 के बीच 65 लाख यात्रियों को ले जाने वाली अतिरिक्त 4,521 विशेष ट्रेनें संचालित की हैं। बयान में कहा गया है कि इन अतिरिक्त सेवाओं ने मौजूदा दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा समारोहों के दौरान सुगम यात्रा को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रेलवे के इन विशेष प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ कि लाखों यात्री अपने गंतव्य तक आराम से पहुंच सकें। यह उपलब्धि त्योहारों के चरम समय के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करने, सभी के लिए यात्रा को आसान और अधिक सुलभ बनाने की भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक त्योहारी अवधि के दौरान बढ़ी हुई यात्रा मांग को पूरा करने के लिए, भारतीय रेलवे ने पहले कुल 7,724 विशेष ट्रेनों की घोषणा की थी, जो पिछले साल की 4,429 विशेष ट्रेन सेवाओं की तुलना में 73 प्रतिशत की वृद्धि है। भारतीय रेलवे ने छठ पूजा के लिए यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पिछले चार दिनों में प्रतिदिन औसतन 175 विशेष ट्रेनें संचालित की हैं।

# सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगा गोंगपा ने चंदौरा में किया जमकर प्रदर्शन

## 0 निर्माण कार्य की जांच के आश्वासन पश्चात शांत हुए प्रदर्शनकारी
## 0 कार्रवाई के आभाव में 19 को उग्र आंदोलन की चेतावनी..

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** करीब 13 करोड़ की लागत से बन रही प्रतापपुर थाना से चंदौरा सड़क निर्माण में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर शुक्रवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने सड़क निर्माण में घटिया गुणवत्ता का आरोप लगाते हुए पीडब्ल्यूडी ठेकेदार और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारी का कहना था कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चंदौरा हाईवे रोड के किनारे एक आम सभा आयोजित की। इस सभा के बाद रैली निकालकर प्रदर्शनकारी सड़क निर्माण में गड़बड़ी और घटिया सामग्री के उपयोग का विरोध करते हुए पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसके साथ ही स्थानीय विधायक पर भी मिली भगत का आरोप लगाया गया और सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए।

**चक्का जाम के प्रयास में पुलिस से टकराव**

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता चक्का जाम करने के लिए बड़ी संख्या में बनारस हाईवे पर निकल पड़े। जैसे ही वे सड़क पर पहुंचे, पुलिस और प्रशासन ने उन्हें रोकने के लिए कड़ी मेहनत की। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया गया। और कार्यकर्ताओं ने शासन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की बातों को नजरअंदाज करते हुए अपनी मांगों को लेकर सड़क जाम करने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई जिसमे कई प्रदर्शनकारी गिरते-पड़ते नजर आए। पुलिस प्रशासन और तहसीलदार ने प्रदर्शनकारियों से बार-बार समझाया, लेकिन जब उनकी बात नहीं मानी गई तो स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के एसडीओ, इंजीनियर और अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे और उन्होंने प्रदर्शनकारियों से अपील की कि वे अपना प्रदर्शन समाप्त करें। प्रदर्शनकारी सड़क की गुणवत्ता की जांच और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

लगभग दो घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियों प्रदर्शनकारी सड़क निर्माण के भ्रष्टाचार और गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग कर रहे थे। पुलिस और प्रशासन ने काफी प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों के आक्रोश को शांत नहीं किया जा सका। प्रदर्शनकारियों ने अपनी 5 बिंदियों पर आधारित मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा और आश्वासन मिलने के बाद अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि सड़क की गुणवत्ता की जांच की जाए और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

**19 नवंबर को उग्र आंदोलन की चेतावनी**

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं ने इस बात की चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की, तो वे 19 नवंबर को भेड़िया में उग्र आंदोलन और चक्का जाम करेंगे। प्रदर्शन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संभागीय सचिव राजकुमार पोया, जिला महासचिव चंद्रदीप कोर्चो, संभागीय प्रवक्ता दीपक मरकाम, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष देवसाय पोया, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कवलसाय सरूता, ब्लॉक अध्यक्ष छोटलाल, धर्मजीत पोया ब्लॉक सचिव, कमान सिंह मराबी, देवदास, ममता, कुंती मराबी, चंद्रमिला आयाम, रामसिंह, मेघनाथ आयाम, रामभवन जगते सहित सैकड़ों ग्रामीण भी शामिल हुए।

प्रदर्शनकारी इस मुद्दे को लेकर काफी आक्रोशित थे और उन्होंने सरकार तथा प्रशासन से न्याय की मांग की है।

# उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिनों का छठ महापर्व हुआ संपन्न



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर शुक्रवार सुबह उदयीमान भगवान सूर्यदेव को दूसरा अर्घ्य दिया गया। उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिनों का छठ पर्व संपन्न हो गया। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए लोगों की भीड़ रेणुका नदी के छठ घाट पर जुटी थी. छठ घाट पर रंग-बिरंगी लाइट और फूल मालाओं से सजे थे. सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती उपवास खोलें साथ ही प्रसाद ग्रहण किये। आज सुबह तीन बजे के बाद से ही रेणुका नदी के छठ घाट पर व्रती जुटने लगे. भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा गया. भगवान सूर्य के उदय होने के पहले सभी जगहों पर व्रती सूप में फल नैवेद्य और पूजन सामग्री लेकर भगवान सूर्य की ओर मुंह करके खड़ी हो गईं. इस दौरान सभी ने भगवान सूर्य का ध्यान करते हुए सूप के किनारे गंगा जल और दूध से अर्घ्?य दिया।

छठ पूजा पूरी दुनिया का इकलौता ऐसा पर्व है जिसमें उगते सूरज के साथ डूबते सूरज की भी वंदना की जाती है, जल अर्पित किया जाता है. प्रकृति की वंदना का पर्व छठ यूं तो भारत के पूर्वांचल इलाके में ही मनाया जाता था लेकिन ग्लोबल होती दुनिया और संस्कृतियों के संगम के दौर में छठ अब महापर्व बनकर जिले में धूमधाम से मनाया जाता है. इस पर्व में धरती पर ऊर्जा का संचार करने वाले भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की जाती है।

इस पर्व की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें धार्मिक भेदभाव, ऊंच-नीच, जात-पात को भुलाकर लोग एक साथ जलाशयों में मनाते हैं. कार्तिक महीने की षष्ठी को होने वाली छठ पूजा भारत में सूर्योपासना के लिए प्रसिद्ध पर्व है. यह बदलते हुए मौसम और पर्यावरण के सर्वथा अनुकूल पर्व है. यह वही समय है जब सर्दी शुरू होती है और हमारे जीवन के लिए सूर्य की गर्मी का महत्व बढ़ जाता है.

आपको बता दें कि हर साल दिपावली के छठे दिन यानी कार्तिक शुक्ल की षष्ठी को छठ पर्व मनाया जाता है. छठी मइया की पूजा की शुरूआत चतुर्थी को नहाए-खाय से होती है. इसके अगले दिन खरना या लोहंडा (इसमें प्रसाद में गन्ने के रस से बनी खीर दी जाती है). षष्ठी शाम और सप्तमी सुबह को सूर्य देव को अर्घ्य देकर छठ पूजा की समाप्ति की जाती है. सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्र के सभी घाटों पर छठ व्रतियों की भीड़ उमड़ी. जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-पाठ कर छठ का महापर्व मनाया।

# जिले के बंशीपुर में लगा समाधान शिविर, मांगो व समस्याओं के मिले 133 आवेदन, मौके पर कई किये गए निराकृत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के ग्राम बंशीपुर में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें आसपास के क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं और आवेदन के साथ शिविर स्थल पर पहुंचे थे। समाधान शिविर में 133 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर एस.जयवर्धन भी शिविर स्थल पर उपस्थित थे। जहाँ उनके द्वारा एक एक आवेदन का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित



विभाग को निराकरण हेतु अग्रेषित किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों पर त्वरित निराकरण के निर्देश दिये और समय-सीमा में समाधान कारक निराकरण करने की बात कही। शिविर में उन्होंने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई योजना प्रधानमंत्री जन धन को लेकर चर्चा की और सकरात्मक पहलुओं से उपस्थित जनों को अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने सभी उपस्थित जनों को अपने आधार कार्ड को अपडेट रखने की बात कही ताकि आसानी से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिल सके।

शिविर स्थल में जनपद अध्यक्ष जगत लाल अयाम,.शरद चंद द्विवेदी, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम श्रीमती ललिता भगत, जनपद सीईओ राधेश्याम मिर्ज़ा, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित थे।

# देवघर में कांवरियों की सेवा का सम्मान

## छत्तीसगढ़ बोल बम कल्याण संघ समेत 300 सेवादारों को बिहार सरकार ने किया सम्मानित



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बिहार राज्य की राजधानी पटना के रविंद्र भवन में बिहार सरकार द्वारा बोल बम कांवरिया सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया सम्मान समारोह में सुल्तानगंज से देवघर बाबा धाम तक कांवरियों का सेवा करने वाले छत्तीसगढ़ बोल बम कल्याण संघ सहित 300 सेवादार शिविर के संचालकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा एवं राजस्व मंत्री सह मेला प्रभारी डॉ दिलीप जायसवाल उपस्थित रहे बता दें कि कांवरिया सेवा संघ को सम्मानित करने से लेकर आयोजन तक बिहार सरकार के राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल का अहम भूमिका रहा डॉ जायसवाल ने कहा कि इस महान कार्य में लगे विभूतियों का सम्मान सनातनी परंपरा के अनुसार किया जा रहा है बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि लाख खराबियां हो समाज मे पर निस्वार्थ सेवा करने वालों के लिए सब अच्छा है कांवरियों का सेवा करने वाले सभी लोग महान कार्य में लगे हुए हैं इसलिए उन्हें बिहार सरकार के तरफ से सम्मानित किया जा रहा है उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सबसे बड़ा सोशलिज्म है बोल बम गरीब अमीर सभी लोग भगवा वस्त्र पहनते हैं और बोल बम ही बोलते हैं। उन्होंने कहा कि हमने तो कई मुख्यमंत्री को भी भोले बाबा के दरबार में कावड़ लेकर जाते हुए देखा है इसलिए कहता हूं कांवड़ यात्रा सबसे बड़ी धार्मिक गतिविधि है।

इस संबंध में बोल बम कल्याण संघ के सचिव प्रवेश गोयल ने बताया कि सम्मान समारोह के दौरान बोल बम सेवा शिविर महासंघ के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने अपनी बातों को रखते हुए बोल बोल कांवड़ यात्रा में सुधार के लिए अन्य कई सुविधाएं बढ़ाने का सुझाव दिया और दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौपा। जिसमें बोल बम सेवा शिविर महासंघ समिति से जुड़े सभी धर्मशालाओं का बिहार सरकार में निशुल्क रजिस्ट्रेशन सभी धर्मशाला एवं सेवा शिविरों में निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था अजगैबीनाथ से देवघर तक पत्थर लगाकर किलोमीटर में दूरी दर्शाया जाए बड़ी धर्मशाला एवं कैंपों में सुरक्षा की दृष्टि से दो सुरक्षा गार्ड्स की तैनाती हो असरगंज से तारापुर के बीच बड़ी धर्मशाला का निर्माण हो या लीज पर जमीन उपलब्ध कराई जाए, सावन के महीने में सभी धर्मशाला एवं शिविरों को निशुल्क विद्युत व्यवस्था दी जाए, सावन आने से पहले कटोरिया पुल निर्माण का कार्य पूरा किया जाए, सावन के महीने में जाम की स्थिति को देखते हुए कटोरिया रिंग रोड का निर्माण किया जाए, अजगैबीनाथ से देवघर तक खाली जगहों पर पौधारोपण किया जाए, पैदल कांवर यात्रा मार्ग पर ज़रूरत के हिसाब से सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग शामिल है।

उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बोल बम कल्याण संघ के पवन अग्रवाल, सुशील कुमार गोयल, श्याम सुंदर जायसवाल, संजय गोयल, आनंद गोयल सहित पूरे भारत देश से बोल बम कांवरिया सेवा संघ के सेवादार उपस्थित रहे।

# जिले के पुलिस कप्तान छपेमार अंदाज में कर रहे थाना-चौकी का औचक निरीक्षण

## एसपी की दी टूक-अवैध गतिविधि व कारोबार पर लगाएं पूर्णतः अंकुश वरना संबंधित कड़ी कार्रवाई के लिए रहें तैयार



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में पुलिस की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने एवं बढे अपराधों पर कड़ाई से अंकुश लगाने को लेकर जिले के नवपदस्थ पुलिस कप्तान काफी गम्भीर नजर आ रहे है और जिले के विभिन्न थाना व चौकियों की व्यवस्था देखने के लिए रात्रि में छपेमार अंदाज में पहुंचकर न केवल व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है बल्कि कमी पाए जाने पर प्रभारियों को इस हिदायत के साथ फटकार रहे है कि अगर आगे स्थिति में सुधार नहीं किये तो सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहे। यही नही पुलिस कप्तान ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधि व कारोबार पर पूर्णत: अंकुश लगाने के साथ पूरी सक्रियता से रात्रि गस्त करें। अगर काम मे लापरवाही बरती गई तो सीधे तौर पर इसके लिए प्रभारी जिम्मेवार होंगे जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार की देर रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर अचानक दुरस्थ स्थित थाना-चौकी के औचक निरीक्षण पर निकले। दुरस्थ थाना-चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना। उनके द्धारा रात्रि में थाना प्रतापपुर व चौकी खड़गवां का औचक निरीक्षण कर मौजूद बल एवं रात्रि गश्त का ब्यौरा लिया। आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी व जवानों को सजगता के साथ रात्रि गश्त करने एवं कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान सुरक्षा के सारे उपकरण साथ में रखने तथा पुलिस थानों में किसी भी शिकायत अथवा घटना की जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी करने के निर्देश दिए।एसएसपी ने थाना-चौकी प्रभारियों को कड़े स्वर में कहा कि रात्रि के वख्त विपरित परिस्थिति अथवा घटना-दुर्घटना होने पर रिस्पांश टाईप में पुलिस मौके पर पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। प्रभारियों को कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या अवैध कारोबार न हो, ऐसी कोई भी सूचना प्राप्त होने पर संबंधित प्रभारी इसके लिए जिम्मेवार होंगे और उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गंभीर अपराधों, महिला एवं बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने पर जोर दिया। प्रभारियों की मौजूदगी में थाना-चौकी का रिकार्ड, लंबित मामलों की डायरी, शिकायत एवं गुम इंसान की दस्तयाबी के प्रयासों को देखा और निकाल की स्थिति धीमी होने पर थाना-चौकी प्रभारी सहित विवेचकों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाए।

औचक निरीक्षण में दौरान एसएसपी श्री ठाकुर ने मौजूद प्रभारी, विवेचक एवं जवानों को कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सारे इंतजाम किए जाए, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें, गुंडे एवं बदमाश प्रकृति के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने में आने वाले फरियादी को सम्मान के साथ बैठाकर उनकी शिकायत को गंभीरता से सुना जाए, शिकायतों का समय से निराकरण किया जाए। इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने पुलिस थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। थाना-चौकी प्रभारी को पुलिस गश्त व्यवस्था मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने, सभी पुलिसकर्मी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य करते रहने के साथ ही पुलिस अधिकारी व जवानों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित भी किया।

**तो सीधे तौर पर थाना प्रभारी होंगे जिम्मेवार**

थाना-चौकी प्रभारियों को राउंड द क्लॉक रात्रि गश्त करने, रात में अधिकारी व जवानों को ड्यूटी लगाने की जवाबदेही थाना-चौकी प्रभारी की है। रात्रि गश्त में लापरवाही हुई, तो सीधे तौर पर प्रभारी जिम्मेवार होंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रात्रि में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए लगातार रात्रि गश्त तेज करने का निर्देश दिये।

**बगैर अनुमति प्रभारी अपने क्षेत्र से न जाए बाहर**

एसएसपी ने औचक निरीक्षण के दौरान थाना-चौकी प्रभारियों को बिना अनुमति के थाना-चौकी क्षेत्र से बाहर न जाने के निर्देश दिए। विवेचना सहित आरोपियों की धरपकड़ के लिए बाहर जाने के पूर्व विधिवत् अनुमति लेकर जाए।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बल थाना-चौकी के आसपास ही निवास कराना सुनिश्चित करें ताकि किसी आपात स्थिति में बल फौरन मौके पर पहुंच सके और स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। इस दौरान एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम व थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

# कोरिया फ्रंटलाइन


संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

# कुड़ेली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 93 आवेदन प्राप्त

## आमजन शासन की योजनाओं का लाभ लें: विधायक भईयालाल राजवाड़े








छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कुड़ेली के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में किया गया। जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के विधायक श्री भईयालाल राजवाड़े ने आमजनों से कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगो की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो। उन्होंने कहा कि इसीलिए प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजित कर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक प्रमुख योजना एक पेड़ माँ के नाम के तहत जरूर पौधा रोपण करे ताकि आने वाली पीढी के लिए एक हरियाली बनी रहे। उन्होंने पीएम सूर्य योजना यानी सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली प्राप्त करने के लिए सम्बंधित विभाग में जाकर जानकारी लें और उसका लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में इन अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाती है, आप सभी लोग लाभ उठाएं। कोरिया कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि जन समस्या समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य यही है कि ग्रामीण भाई-बहन सरकार की योजनाओं से रूबरू हो सके, उनका लाभ ले सके। शिविर में मांग, शिकायत, समस्या आदि आवेदन प्राप्त हुए हैं। न्यायालयीन प्रक्रिया व मांग से सम्बंधित आवेदनों का विचार-विमर्श कर उचित निराकरण किया जाएगा और स्थल पर बहुत सारे आवेदनों का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक किलोवाट रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने वाले व्यक्ति को 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती है, जबकि 2 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाने वालों को सब्सिडी 60 हजार रुपये तक मिल जाती है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की यह महत्वाकांक्षी योजना बहुत उपयोगी है। अब सूर्य से घर रौशन होगा, इसलिए इसका लाभ जरूर उठाएं और जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी इस योजना को आम लोगों को जरूर बताएं।

**स्वास्थ्य का समुचित देखभाल करें**

श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने किसानों से कहा कि बहुत जल्दी धान खरीदी प्रारंभ होने वाले हैं, टोकन के अनुसार धान विक्रय करें। उन्होंने स्वास्थ्य की समुचित देखभाल के लिए जांच उपचार कराएं और अपनी जीवनशैली में उचित बदलाव लाएं। उन्होंने विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े को बेहद ऊर्जावान और जुनून से भरे प्रतिनिधि बताया। हर लोगों की बात को सुनते हैं और समाधान के लिए खुद जुट जाते हैं।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े ने भी आम लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीऔर विष्णु देव साय सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का जरूर लाभ लें। शिविर स्थल पर राजस्व, आदिवासी विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खाद्य, स्वास्थ्य, मत्स्य पालन विभाग, श्रम, आयुष्मान विभाग, पशु पालन विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, कृषि, लोक सेवा यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, शिक्षा, उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम लोगों से आवेदन प्राप्त किए और इन विभागों में संचालित योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी भी दी गई।

**हितग्राहियों को मछली जाल व पट्टा वितरण**

विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों व कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के द्वारा आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टा, समाज कल्याण विभाग के तहत तीन बुजुर्गों को छड़ी, मत्स्य विभाग से दो हितग्राहियों को मछली जाल तथा राजस्व विभाग द्वारा पांच किसानों को किसान किताब वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 114 लोगों के मधुमेह, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, हाइपरटेंशन आदि जांच की गई शुगर व बीपी के मरीजों को नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया।

**सेहत का विशेष ध्यान रखें**

गोदभराई रस्म तथा अन्नप्रासन कार्यक्रम विधायक श्री भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोदभराई रस्म तथा अन्नप्रासन कार्यक्रम में शामिल हुए और शिशुओं को खीर भी खिलाए। इस अवसर पर विधायक ने गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं से कहा कि सेहत का विषेष ध्यान रखें। भरपूर पौष्टिक एवं गरम भोजन समय पर करें। आज शिविर में करीब 93 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 91 आवेदन मांग से सम्बंधित था तो दो आवेदन समस्या की थीं, जिसमें से 10 आवेदनों का निराकरण स्थल पर किया गया। शेष आवेदनों को समय-सीमा के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए गए। शिविर मे गणमान्य नागरिक श्री कृष्ण बिहारी जायसवाल, श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, श्रीमती आशा महेश साहू, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, जनपद सीईओ एलेक्जेंडर पन्ना व अधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भारत स्काउट गाइड्स: जिला स्तरीय शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल नारायणपुर में

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** भारत स्काउट गाइड्स का द्वितीय सोपान शिविर कुनकुरी विकासखण्ड में आयोजित हुआ। इसके पश्चात् 06 से 10 नवम्बर 2024 तक जिला स्तरीय तृतीय सोपान शिविर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल नारायणपुर में आयोजित हो रहा है। शिविर में जिले के 37 विद्यालय से 207 गाइड और 134 स्काउट और उनके शिविर संचालन हेतु 22 स्काउटर गाइडर शिविर प्रभारी के दिशा-निर्देश में कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त भारत स्काउट गाइड जिला संघ जशपुर पी के भटनागर के निर्देश से प्रारंभ हुआ है। द्वितीय दिवस 07 नवम्बर को स्काउट्स गाइड्स को दिन भर प्रशिक्षकों द्वारा स्काउट्स के नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, शिविर ज्वाल गीत, बीपी 6, ध्वज शिष्टाचार, आपदा प्रबंधन, जीवन रक्षण, कौशल और भी विषय से संबंधित जानकारी बताई गई। संध्याकालीन कैंप फायर के समय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय द्वारा सभी शिविरार्थियों को उनको जीवन में अच्छे कार्य करने, माता-पिता की बात मानने, गुरुजनों के साथ रहकर जीवन जीने की कला सीखने, जैसे बातो को बताकर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने, खुद को हर परिस्थिति में मजबूत करने का संदेश दिया गया। स्काउट्स गाइड्स के द्वारा कैंप फायर के समय विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का की प्रस्तुति दी गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री सी.आर. भगत ने बच्चो को इस पांच दिवसीय शिविर में पूर्ण रूप से सहयोग करने की बात कही। बच्चो में आत्मविश्लेषण करने का गुण, उनमें शारीरिक मानसिक भावनात्मक विकास, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना, प्रकृति प्रेम, पशु-पक्षी से प्रेम करना उनका संरक्षण करने में भूमिका अदा करना, स्वयं में स्वच्छ और अच्छे आदतों को विकसित करने के संबंध में प्रशिक्षकों जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमति अगस्टीना तिग्गा, संतोष, अनीता सिंह, संतोषी बंदे, रामकृत नायक, राहुल बंग, अभिषेक पूरी, विकास कुमार नागदेव, अरुण महंती, गोपाल यादव सहित स्काउटर गाइडर उत्तम यादव उपस्थित थे।



# बुजुर्ग व बीमार पिता की मौत से बच्चों को मिली प्रशासन का सहयोग

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर जनपद पंचायत के विकास विस्तार अधिकारी, सुश्री रितु अग्रवाल एवं विकासखंड के ग्राम पंचायत महोरा के जामझरिया के सरपंच पति मुकेश कुमार सिंह ने गांव के ही करीब 60-62 वर्षीय रामखिलावन की आकस्मिक मृत्यु व उनके बच्चों के लालन-पालन के सम्बंध में प्रशासन को जानकारी दी। जनपद पंचायत बैकुंठपुर में पदस्थ विकास विस्तार अधिकारी सुश्री रितु अग्रवाल व सरपंच पति मुकेश सिंह ने बताया कि गांव के करीब 60-62 वर्षीय रामखिलावन कुछ महीनो से उनके कमर व पैर में दर्द होने के कारण बीमार थे। वहीं इनके एक पुत्र को सांप काट दिया था, जिसकी मृत्यु हो गई और रामखिलावन की पत्नी इन्हें छोड़कर दूसरे व्यक्ति से शादी कर ली है। रामखिलावन को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का भी लाभ मिलने से पक्का आवास में निवासरत थे। सरपंच ने बताया कि रामखिलावन की स्वास्थ्य की देखभाल इनके बच्चों द्वारा किया जा रहा था। रामखिलावन को उचित मूल्य दुकान से समय पर राशन (चावल) मिल रहा था। इनके 14 वर्षीय बड़े पुत्र लगातार अपने पिताजी का सेवा कर रहे थे। दीवाली के कुछ दिनों पहले ग्राम में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण व श्रम विभाग द्वारा शिविर लगने के दौरान रामखिलावन की स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिलने पर जिला चिकित्सालय की टीम घर पहुंच कर जांच, उपचार भी किया था। डॉक्टरों ने परीक्षण में पाया कि उन्हें रायपुर में भर्ती कर इलाज कराया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी आलोक भुवाल ने उन्हें दीपावली के बाद ट्रायसकिल भी देने वाले थे ताकि रामखिलावन उठ-बैठ सके। 06 नवम्बर को सरपंच के पति से विकास विस्तार अधिकारी ने दूरभाष पर बात करके गांव पहुंचने की जानकारी दी तब श्री मुकेश सिंह ने बताया कि रामखिलावन की मृत्यु 5 अक्टूबर को सम्भवत: रात को हो गया था, जिसकी जानकारी सुबह करीब 9 बजे रामखिलावन के बच्चों ने रोते हुए जानकारी दी। रामखिलावन की दाह संस्कार का रस्म ग्राम सरपंच के नेतृत्व में किया गया व श्रद्धांजलि योजना के तहत मदद भी की गई है साथ ही आगे भी अन्य कार्य किया जाएगा।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष गुप्ता, बाल कल्याण अधिकारी सुनील शर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीमती उषा लकड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, रामखिलावन के घर पंहुचकर आश्वस्त किया था कि दीपावली पर्व के बाद रामखिलावन को वृद्धा आश्रम रायगढ़ व बच्चों को अम्बिकापुर या अन्य किसी हॉस्टल में शिफ्ट किया जाएगा। रामखिलावन की आकस्मिक मृत्यु पश्चात जिला प्रशासन के निर्देश पर फिलहाल तीनों बच्चों को बालगृह में रखें हैं साथ ही एक अन्य बच्चे को आश्रम में रखे हैं। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने बच्चों से मुलाकात की और उन्हें ढाँढस भी दिया, वहीं अधिकारियों को गांव भेजकर समुचित जानकारी लेने व बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# गुड गवर्नेंस अंतर्गत जाब कार्ड अपडेट करते हुए कार्यस्थलों पर मनाया गया रोजगार दिवस





छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में गुड गवर्नेंस के लिए निर्धारित मानकों पर कार्यवाही करते हुए रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत गुड गवर्नेंस को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक माह की सात तारीख को ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार दिवस मनाया जाता है। इस बार ग्राम रोजगार दिवस के अवसर पर गुड गवर्नेंस के मानक बिंदुओं पर कार्यवाही करते हुए ग्राम रोजगार दिवस मनाया गया। कार्यस्थलों पर ही पंजीकृत श्रमिकों के जाब कार्ड का अद्यतनीकरण करने की कार्यवाही पूरी की गई। उन्होने बताया कि गुड गवर्नेंस के सभी चार मानक बिंदुओं के आधार पर मानक सूचना पटल, पंजी संधारण, नश्ती संधारण और सभी पंजीकृत श्रमिकों के जाब कार्ड का अपडेशन का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में इसके लिए गत दिवस आयोजित हुए ग्राम रोजगार दिवस पर जाब कार्ड को अपडेट करने का कार्य किया गया। जिला पंचायत सीइओ डॉ आशुतोष ने आगे बताया कि ग्राम रोजगार दिवस के अंगर्तत जनपद पंचायत सोनहत और जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों और मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं और लगभग सभी ग्राम पंचायतों में पंजी संधारण के साथ शत-प्रतिशत जाब कार्ड के अद्यतनीकरण की दिशा में कार्य हो रहा है।

जिला पंचायत सीईओ ने आगे बताया कि वर्तमान में मनरेगा योजनांतर्गत सभी कार्यों में कार्य आरंभ होने के साथ ही मानक सूचना पटल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही श्रमिकों के सभी रिकार्ड के साथ कार्य का विवरण रखी जाने वाली सभी सात पंजियों को अद्यतन रखा जा रहा है। कार्य की मांग के आधार पर संचालित इस महत्वपूर्ण योजना में पारदर्शिता के लिए राज्य के निर्देशानुसार गुड गवर्नेंस के सभी मानकों को यथावत पालन कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में गत दिवस जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम रोजगार दिवस में इस बार जाब कार्ड का अपडेशन करने की कार्यवाही कराई गई है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ लोक आस्था का छठ महापर्व

## छठ घाटों में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पहुंचकर दी शुभकामनाएं



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** चार दिवसीय लोक आस्था का सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया को नमन किया। सुबह-सुबह भगवान भास्कर के उषा किरण को सभी ने पूरी श्रद्धा से आराधना की। सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद 36 घंटे का महापर्व संपन्न हो गया। मनेंद्रगढ़ शहर के हसदेव गंगा तट छठ घाट, रेलवे स्टेशन सरोवर छठ घाट, जोड़ा तालाब, नदी पार वेद बाबू तालाब छठ घाट सहित अन्य छठ घाटों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ सहित झगड़ाखांड, नई लेदरी, खोंगापानी, चिरमिरी, डोमनहिल, कोरिया कालरी, गेल्हापानी सहित समूचे एमसीबी जिले में छठ पूजा पूरी आस्था के साथ की गयी। जगह-जगह आस्था का सैलाब देखने को मिला। नदी और तालाबों में छठ व्रतियों के श्रद्धा का विहंगम दृश्य देखने को मिला। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रतियों ने पूरे विधि विधान से छठी मैया की पूजा-अर्चना की इसके बाद व्रत का पारण किया और व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हुआ। छठ घाटों पर भारी तादाद में व्रतियों ने पानी में उतरकर छठी मैया की आराधना की। यह व्रत छठी मैया और भगवान भास्कर को समर्पित होता है। मान्यता है कि छठी मैया की पूजा से घर में सुख, समृद्धि और वंश की वृद्धि होती है। चार दिनों तक चले इस छठ महापर्व के इस व्रत के कठिन नियम हैं जिसमें व्रती महिलाएं 36 घंटे का निर्जला उपवास करती हैं। सूर्य उपासना का महापर्व छठ 5 नवंबर को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ था। इस दिन व्रती स्नान ध्यान कर लौकी की सब्जी चना दाल और चावल का भोग लगाए थे। दूसरे दिन 6 नवंबर को खरना संपन्न हुआ। खरना के दिन व्रती सुबह से उपवास में रहे और रात्रि में साठी के चावल और रोटी का भोग लगाए। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला सूर्य उपासना शुरू हुआ। तीसरे दिन 7 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया और चौथे दिन 8 नवम्बर शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर उपासना की गयी। माना जाता है कि छठी मईया सूर्यदेव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए सूर्य और जल की महत्ता को मानकर आराधना की जाती है। सृष्टि की अधिष्ठात्री प्रकृति की देवी ने खुद को 6 भागों में बांटा है। उनके छठे अंश को सर्वश्रेष्ठ मातृ देवी के रूप में जाना जाता है।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल छठ घाट पहुंचकर व्रतियों को दी बधाई

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़।** विधानसभा के विधायक व छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने विधानसभा क्षेत्र के चिरमिरी एवं मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के सभी छठ घाट में पहुंचकर व्रतियों को छठ पूजा की अपनी शुभकामनाएं दी एवं उनके सुख समृद्धि की कामना की। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल चिरमिरी में 7 नवम्बर की शाम में एवं 8 नवम्बर को सुबह मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में स्थित सभी छठ घाट में पहुंचे थे। उन्होंने व्रतियों के बीच जाकर सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा की शुभकामनाएं दी तथा क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की व्रतियों ने भी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को छठ घाट में अपने बीच पाकर हर्ष व्यक्त किया।

# करडेगा चौकी क्षेत्र की गुम विवाहित महिला को जशपुर पुलिस ने पंजाब के जालंधर से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि चैकी करडेगा क्षेत्र का एक 37 वर्षीय व्यक्ति ने दिनांक 01.09.2024 को चौकी में आकर सूचना दिया कि इसकी 30 वर्षीय पत्नी दिनांक 02.04.2024 की रात्रि से घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सायबर सेल की सहायता से उक्त गुम इंसान महिला का पंजाब राज्य के जालंधर में होने पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह द्वारा एक विशेष टीम का गठन कर हरगोविन्द कालोनी जालंधर (पंजाब) के लिये रवाना किया गया। टीम द्वारा मौके पर जाकर उक्त महिला को सकुशल बरामद कर लाया गया, पूछताछ में महिला ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर जालंधर जाना बताया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी करडेगा स.उ.नि. उमेश प्रभाकर, प्र.आर. 177 जगदीश कुमार, आर. 514 राजकुमार यादव, म.आर. 163 हेमलता एक्का, सायबर सेल से उ.नि. नसरूद्दीन अंसारी, स.उ.नि. हरिषंकर राम इत्यादि का योगदान रहा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर (छ.ग.) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा